गुरुवार, 30 अप्रैल 2026

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 28 |
| आर्द्रता | 84% |
| सूर्योदयः 05:05 | सूर्यास्तः 18:02 |

प्राकृतिक आपदा में बैंक कर्जदारों को खुद दे सकेंगे राहत, आरबीआई ने दी मंजूरी पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच

सुविचार : दुःख इंसान का सबसे सच्चा मित्र है, साथ रहता है, सबक सिखाता है।

# फाइनल राउंड में रिकॉर्ड मतदान

## एसआईआर की छाया में 92.47% वोटिंग



### दूसरे चरण में विभिन्न प्रकार की 2,196 शिकायतें हुईं प्राप्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने कहा कि बुधवार को संपन्न हुए वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में अब तक का सर्वाधिक 92.47% मतदान दर्ज किया गया। बुधवार को विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मतदान का समय समाप्त होने तक 91.66% मतदान हो चुका था और खबरों के मुताबिक हजारों मतदाता अब भी अपने मत डालने के लिए कतारों में इंतजार कर रहे थे। दक्षिण बंगाल की 142 विधानसभा सीटों पर हुए दूसरे चरण के मतदान में पहले चरण के रिकॉर्ड 93.19% मतदान की बराबरी होने की संभावना रही। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि दूसरे चरण के मतदान में शाम 7.45 बजे तक 91.66% मतदान दर्ज किया गया, जिससे दोनों चरणों को मिलाकर कुल मतदान प्रतिशत 92.47% हो गया है। कोलकाता में लगभग 87% मतदान दर्ज किया गया, जबकि पूर्व बर्धमान जिला 92.46% मतदान के साथ शीर्ष पर रहा। पश्चिम बंगाल में स्वतंत्रता के बाद मत प्रतिशत के लिहाज से यह अब तक का सबसे अधिक भागीदारी वाला विधानसभा चुनाव है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि बुधवार को जिन 142 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ, वहां से अब तक विभिन्न प्रकार की 2,196 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

**प्रमुख सीटों पर वोट प्रतिशत (शाम 7.30 बजे तक)**

| | | |
|---|---|---|
| भवानीपुर | : | 86.45% |
| पानिहाटी | : | 91.16% |
| ढ्ढहगलगंज | : | 94.55% |
| सिंगुर | : | 92.81% |
| जादवपुर | : | 85.04% |
| संदेशखाली | : | 94.36% |
| भांगड़ | : | 92.69% |

### ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप सच सिद्ध होने पर होगा पुनः मतदान



राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि निर्वाचन आयोग उन मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान का आदेश देगा जहां टेप या स्याही का उपयोग करके ईवीएम से छेड़छाड़ करने के आरोप सही पाए जायेंगे क्योंकि आयोग की ऐसे अपराधों को 'बिल्कुल बर्दाश्त नहीं' करने की नीति है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईवीएम में टेप या स्याही से छेड़छाड़ के आरोपों पर जिला निर्वाचन अधिकारी या चुनाव पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद ही पुनर्मतदान का आदेश दिया जाएगा। अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा कि प्रारंभिक जांच में मतदान अधिकारियों द्वारा मशीनों के संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ का कोई संकेत नहीं मिला है, जिसमें 'मॉक पोल' भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों से ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, तो हम पूरे क्षेत्र में दोबारा मतदान कराएंगे। मेरे पास उन मतदान केंद्रों की सटीक संख्या नहीं है (जहां आरोप लगाए गए हैं)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार, ईवीएम को संभालने की जिम्मेदारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की होती है। उन्होंने कहा कि कथित घटनाएं मतदान के दौरान हुई होंगी। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि लोगों ने वोट डालने जाते समय मशीनों पर ये टेप चिपका दिये होंगे। ऐसा नहीं है कि हम इसका पता नहीं लगा पाएंगे। हम जांच करेंगे कि लोगों ने वोट डालने में कितना समय लगाया। अग्रवाल ने कहा कि दोषी पाए जाने वालों को कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

**स्वतंत्र, निष्पक्ष व हिंसामुक्त मतदान के नाम पर केंद्रीय बलों ने निर्दोष मतदाताओं को प्रताड़ित किया, इसके बावजूद मुझे तृणमूल की जीत का पूरा भरोसा है : ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो**

**ममता बनर्जी चुनाव हारने वाली हैं इसलिए मतदान को लेकर बेतुके आरोप लगा रही हैं : सुवेंदु अधिकारी, नेता प्रतिपक्ष व भाजपा नेता**

**जिलावार वोट प्रतिशत (शाम 7.30 बजे तक)**

| जिला | 2021 | 2026 |
|---|---|---|
| नदिया | 84.3% | 91.44% |
| हावड़ा | 79.9% | 91.10% |
| हुगली | 83.1% | 91.47% |
| पूर्व बर्दवान | 86.1% | 93.47% |
| कोलकाता | 62.3% | 88.21% |
| दक्षिण 24 परगना | 82.3% | 91.66% |
| उत्तर 24 परगना | 83.7% | 91.63% |

### फलता में मतदान के बीच ईवीएम से छेड़छाड़ का आरोप, ब्लॉक किया गया भाजपा का बटन



दक्षिण 24 परगना जिला के फलता विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान ईवीएम से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। भाजपा का आरोप है कि ईवीएम पर पार्टी के विकल्प वाली बटन को ब्लॉक किया गया, जिससे वोटर अपना पसंदीदा उम्मीदवार चुनने से वंचित हो गए। भाजपा ने चुनाव आयोग से घटना पर संज्ञान लेने की अपील की है। भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कई वीडियो शेयर किए। इन वीडियो में भाजपा के चिह्न के सामने की बटन को ब्लॉक किया गया था। वीडियो बना रहे व्यक्ति चुनाव कर्मचारियों से शिकायत करते हुए नजर आए। उन्होंने दावा किया फलता के हरिणडांगा हाई स्कूल में बने मतदान केंद्र के कमरा नंबर दो और बूथ-189 पर मतदान प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही कई अन्य बूथ भी हैं। अमित मालवीय ने पोस्ट में लिखा कि ममता बनर्जी इसी चीज का बचाव कर रही थीं, जब उन्होंने जहांगीर खान के लिए आवाज उठाई थी। कई पोलिंग बूथों पर भाजपा को वोट देने का विकल्प टेप लगाकर ब्लॉक कर दिया गया है, जिससे वोटर अपना पसंदीदा उम्मीदवार चुनने से प्रभावी रूप से वंचित हो गए हैं। भाजपा नेता ने आगे लिखा कि यही तथाकथित 'डायमंड हार्बर मॉडल' है। वही तरीका, जिसने ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपनी लोकसभा सीट हासिल करने में मदद की थी। हम फलता के उन सभी प्रभावित बूथों पर तत्काल दोबारा चुनाव कराने की मांग करते हैं, जहां ऐसी घटनाएं हुई हैं।

**कुल सीटें: 294 । बहुमत: 148**

| एजेंसी | TMC | BJP | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| चाणक्य स्ट्रेटीज | 130-140 | 150-160 | 0-5 |
| पीपुल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-5 |
| पी मार्क | 118-138 | 150-175 | 0-0 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 | 1-4 |
| **एवरेज** | **142** | **145** | **7** |

**7 एग्जिट पोल में से 5 में भाजपा सरकार**

### मतदान के बाद बंगाल में केंद्रीय बलों की 700 कंपनियां रहेंगी तैनात

राज्य में मतदान समाप्त होने के बाद भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की लगभग 700 कंपनियां तैनात रहेंगी। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बलों की निरंतर उपस्थिति का उद्देश्य शांति बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव के बाद की अवधि में कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा 19 मार्च को जारी तैनाती योजना के अनुसार, मतदान समाप्त होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीएपीएफ की 700 कंपनियां अगले आदेश तक राज्य में तैनात रहेंगी। अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बल संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात रहेंगे और राज्य प्रशासन को सामान्य स्थिति बनाए रखने में सहायता करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि तैनाती की अवधि और संख्या के बारे में आगे के निर्णय जमीनी आकलन और सुरक्षा एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर लिए जाएंगे।

### बंगाल में इस बार भयमुक्त माहौल में मतदान : प्रधानमंत्री मोदी



**हरदोई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में इस बार "भयमुक्त वातावरण" में मतदान हो रहा है, जो पिछले छह-सात दशकों में देखने को नहीं मिला। प्रधानमंत्री ने कहा कि चार मई को आने वाले विधानसभा चुनाव के परिणाम विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान जारी है और मिल रही जानकारी के अनुसार भारी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज लोकतंत्र के उत्सव का भी एक अहम दिन है। बंगाल में इस समय दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और जो खबरें आ रही हैं उनसे पता चलता है की बंगाल में भारी मतदान हो रहा है। पहले चरण की तरह ही लोग वोट डालने के लिए बड़ी संख्या में घरों से निकल रहे हैं और लंबी-लंबी कतारों की तस्वीरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं।"

### जहां गड़बड़ी, तुरंत एक्शन

मतदान के दौरान आयोग पूरी तरह चौकन्ना रहा। जहां से भी गड़बड़ी की खबर मिली, तुरंत एक्शन लिया। केंद्रीय बल के जवान मुस्तैद रहे, जिससे छोटी-मोटी झड़प को बड़े संघर्ष का रूप लेने से पहले ही नियंत्रित किया जा सका। पुलिस भी पूरी तरह सक्रिय दिखी। क्विक रिस्पांस टीम ने भी अपने नाम को चरितार्थ किया। जनता ने इस समग्र प्रयास को पूर्ण समर्थन दिया। हर उम्र वर्ग के लोग घरों से निकले और वोट डाला।

### पश्चिम एशिया संकटः ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने जयशंकर को फोन किया

**नयी दिल्ली :** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने बुधवार को अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर को फोन किया और पश्चिम एशिया संकट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। अराघची की मास्को यात्रा के दो दिन बाद उनकी भारत के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, आज शाम ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची का फोन आया। उन्होंने कहा, हमने मौजूदा स्थिति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। दोनों पक्षों ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। नयी दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास ने कहा कि दोनों पक्षों ने युद्धविराम, द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों पर चर्चा की और विचारों का आदान-प्रदान किया। माना जाता है कि अमेरिकी नाकाबंदी और ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही पर लगाए गए प्रतिबंधों से उत्पन्न स्थिति का भी बातचीत में जिक्र हुआ।

## प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में 14 किमी लंबा रोड शो किया, काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**वाराणसी (उप्र) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन बुधवार सुबह वाराणसी में रोड शो किया, जिसे देखने के लिए सड़क पर भारी भीड़ उमड़ी। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। रोड शो बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बीएलडब्लू) से शुरू हुआ और लहरतारा, कचहरी, आंबेडकर चौराहा, चौकाघाट, तेलियाबाग, लहुराबीर और मैदागिन से होते हुए काशी विश्वनाथ धाम पर समाप्त हुआ। मंदिर में प्रधानमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किए। प्रार्थना पूरी करने के बाद स्थानीय प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें त्रिशूल, डमरू और पारंपरिक स्टोल भेंट किया। प्रधानमंत्री ने इसे स्वीकार करते हुए उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। जैसे ही वह मंदिर परिसर से बाहर निकले, भक्तों ने "हर हर महादेव" के जयकारे लगाए और मोदी ने हाथ हिलाकर और हाथ जोड़कर उनका अभिवादन दिया। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पर मौजूद बच्चों से भी संक्षिप्त बातचीत की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि वाराणसी के लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए उत्सुक नजर आए और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय निवासी पूरे मार्ग में कतारों में खड़े रहे।प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए भक्तों और समर्थकों को "हर हर महादेव" और "जय श्री राम" के जयकारे लगाते देखा गया।

### रूस के विदेशमंत्री लावरोव अगले महीने भारत की यात्रा पर आएंगे

**मॉस्को :** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव अगले महीने नयी दिल्ली में आयोजित होने वाली ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि 14-15 मई को अपनी यात्रा के दौरान लावरोव भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। उन्होंने कहा, " दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव नयी दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की पूर्ण-प्रारूप बैठक में हिस्सा लेंगे।"

### ईरान के साथ युद्ध पर अब तक करीब 25 अरब डॉलर का खर्च : पेंटागन

**वाशिंगटन :** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के मुख्य वित्तीय अधिकारी ने सांसदों को बताया कि ईरान के साथ युद्ध पर अब तक अनुमानित 25 अरब डॉलर की लागत आ चुकी है। प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति की सुनवाई के दौरान युद्ध मामलों के वित्त विभाग के कार्यवाहक अवर सचिव जूल्स हर्स्ट तृतीय ने बुधवार को कहा कि इस राशि का अधिकांश हिस्सा हथियारों और गोला-बारूद पर खर्च हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि सेना ने अभियानों को चलाने और उपकरणों के प्रतिस्थापन पर भी बड़ी राशि खर्च की है।

### कम दूरी की पोत विध्वंसक मिसाइल ने महत्वपूर्ण परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया

**नयी दिल्ली :** भारत की समुद्री आक्रमण क्षमताओं को बढ़ावा देते हुए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय नौसेना ने बुधवार को कम दूरी की पोत विध्वंसक मिसाइल प्रणाली का पहला 'साल्वो लॉन्च' सफलतापूर्वक किया। 'साल्वो लॉन्च' का तात्पर्य एक ही लॉन्चर से कुछ ही सेकंड के भीतर कई मिसाइल तेजी से और लगातार दागे जाने से है। दुश्मन की रक्षा प्रणाली को ध्वस्त करने के लिए डिजाइन की गई यह रणनीति उच्च सटीकता वाले, एक के बाद एक हमले सुनिश्चित करती है। यह परीक्षण ओडिशा में बंगाल की खाड़ी के तट से दूर नौसेना के हेलीकॉप्टर के जरिए किया किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, नौसेना, भारतीय वायुसेना और परियोजना में शामिल उद्योग भागीदारों को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने कहा, "परीक्षण के दौरान, एक ही हेलीकॉप्टर से दो मिसाइल तेजी से दागी गईं, जिससे यह हवा से दागी जाने वाली पोत विध्वंसक मिसाइल प्रणाली का पहला सामूहिक प्रक्षेपण बन गया।" इसने कहा कि चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा तैनात रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल प्रणाली और टेलीमेट्री जैसे विभिन्न 'रेंज ट्रैकिंग' उपकरणों का उपयोग करके प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरी तरह से प्राप्त कर लिया गया।

### तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 14 रुपये, डीजल पर 18 रुपये प्रति लीटर का नुकसानः रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने के बावजूद पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतें स्थिर रहने से तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री पर क्रमशः 14 रुपये एवं 18 रुपये प्रति लीटर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि यदि कच्चे तेल की कीमत 120-125 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बनी रहती है, तो पेट्रोलियम कंपनियों का विपणन मार्जिन आगे भी नकारात्मक बना रहेगा, जिससे कंपनियों की लाभप्रदता प्रभावित हो रही है। इक्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत वशिष्ठ ने कहा, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बावजूद वाहन ईंधन की कीमतों में स्थिरता से पेट्रोलियम कंपनियों की मुनाफा कमाने की क्षमता पर असर पड़ रहा है।




## मिले नए जिले मगर अहम मुद्दे अभी बाकी

जम्मू-कश्मीर से अलग होकर नया केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख में जनाकांक्षाओं का जो उफान उठा है, केंद्र सरकार उसकी पूर्ति की दिशा में बढ़ती नजर आ रही है। बीते साल राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल किए जाने जैसी प्रमुख मांगों को लेकर स्थानीय संगठन आंदोलित नजर आए थे। अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के क्षेत्र के दौरे से पूर्व लद्दाख को पांच नये जिले मिले हैं। लेह और कारगिल के बाद- दो जिलों से बढ़कर सात जिलों तक का यह विस्तार इस पर्वतीय अंचल में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। निश्चित रूप से इस विशाल भू-भाग वाले, लेकिन कम आबादी वाले क्षेत्र में लोगों की सुविधा के लिए इस कदम की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। दरअसल, लद्दाख के नुब्रा, जांस्कर और चांगथांग जैसे दूरदराज के इलाकों में बुनियादी सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच बनाने में स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। यह बाधा सिर्फ भौगोलिक ही नहीं थी, बर्फीले दिनों में स्थिति और अधिक कष्टकारी हो जाती है। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी क्षेत्र में छोटी प्रशासनिक इकाइयां अधिकारियों को जनता के करीब ला सकती हैं। खासकर लद्दाख जैसे जटिल भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में तो यह और भी जरूरी हो जाता है। निस्संदेह, छोटी प्रशासनिक इकाइयों के चलते सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के तुरंत क्रियान्वयन को सुगम बनाने में मदद मिल सकती है। सही मायनों में उपायुक्तों और पुलिस प्रमुखों की त्वरित नियुक्ति, बिना किसी देरी के सुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक उत्साहजनक संकेत कहा जा सकता है। हालांकि, स्थानीय जनप्रतिनिधि संगठन नये जिले बनाने से संतुष्ट होते शायद ही नजर आएं। दरअसल, लद्दाख की चुनौतियां महज नौकरशाही तक ही सीमित नहीं कही जा सकती हैं। सही मायनों में ये राजनीतिक, आर्थिक व पर्यावरणीय भी हैं। वे जनाकांक्षाएं भी इसमें शामिल हैं जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद ऊंचे स्तर पर रही हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि लेह की अस्मिता की रक्षा के लिये आंदोलन चलाने वाले संगठन, मसलन कारगिल लोकतांत्रिक गठबंधन समेत कई स्थानीय समूह, लद्दाख को राज्य का दर्जा दिए जाने और लेह-लद्दाख की संस्कृति की रक्षा के लिये इसे छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग करते रहे हैं। दरअसल, वे इसके लिये संवैधानिक सुरक्षा उपायों को लागू करने का आग्रह करते हैं। इस सप्ताह के अंत तक लद्दाख में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की यात्रा के दौरान स्थानीय संगठन निर्णय स्तर की वार्ता की मांग कर रहे हैं। वे विगत में हुई विभिन्न बैठकों को क्षेत्र के लंबे समय से लंबित मामलों के समाधान के लिये अपर्याप्त बताते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पर्यावरणविद् व शिक्षाविद् सोनम वांगचुक, जिन्हें गत माह केंद्र सरकार ने लगभग छह माह की हिरासत के बाद रिहा किया था, ने भी शाह की यात्रा के दौरान एक रचनात्मक संवाद की जरूरत पर बल दिया है। वैसे राजग के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार गाहे-बगाहे लद्दाख के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती रही है। हालांकि, एक तथ्य यह भी है कि अभी तक लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने जैसी प्रमुख मांगों को लेकर उसका दृष्टिकोण स्पष्ट नहीं है। बहरहाल, क्षेत्र में पर्यटन नियमों में ढील और रोजगार के अवसरों को विस्तार देना जैसे सुधार, लद्दाख की आर्थिकी को गति देने का सार्थक प्रयास जरूर कहा जा सकता है। यह भी एक हकीकत है कि नवीनतम प्रशासनिक प्रक्रिया को लेकर जो आशावाद है, वह तभी सार्थक साबित होगा, जब इससे समावेशी विकास, बेहतर शासन और उचित राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो पायेगी। वहीं दूसरी ओर सरकार को इस व्यापक परिप्रेक्ष्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि लद्दाख चीन सीमा से लगा रणनीतिक महत्व का क्षेत्र है। इसीलिए यहां शांति बनाये रखना और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना केंद्र सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें सितंबर, 2025 में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन को एक सबक की तरह लेने की जरूरत है। जिसके मद्देनजर लद्दाखी जनता की आकांक्षाओं को समयबद्ध तरीके से यथाशीघ्र पूरा किया जाना चाहिए।

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत की 'हैट्रिक' लगाएगी भाजपा: मोदी




**हरदोई (उप्र) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के बीच बुधवार को दावा किया कि पार्टी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत की 'हैट्रिक' लगाएगी। पश्चिम बंगाल में 142 विधानसभा सीट के लिए दूसरे और अंतिम चरण का मतदान जारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने हरदोई के मल्लावां में गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ समय पहले जब बिहार में विधानसभा चुनाव हुए तो भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने प्रचंड जीत दर्ज की और एक इतिहास रच दिया था। उन्होंने कहा, ''अभी कल ही गुजरात में महानगरपालिका, नगर पालिका, जिला पंचायत, नगर पंचायत, तहसील पंचायत इन सब के चुनाव के नतीजे आए हैं और आप मेरे उत्तर प्रदेश वासियों को खुशी होगी कि 80 से 85 प्रतिशत नगर पालिकाओं और पंचायतों में भाजपा ने जीत दर्ज की है। मुझे विश्वास है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में भी भाजपा ऐतिहासिक जीत के साथ 'हैट्रिक' लगाने जा रही है।'' उन्होंने कहा कि चार मई के नतीजे विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेंगे और देश के विकास की गति को नयी ऊर्जा से भरेंगे। उन्होंने कहा, ''आज लोकतंत्र के उत्सव का भी एक अहम दिन है। बंगाल में इस समय दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और जो खबरें आ रही है उनसे पता चलता है कि बंगाल में भारी मतदान हो रहा है।'' उन्होंने कहा कि पहले चरण की तरह ही लोग वोट देने के लिए बड़ी संख्या में घरों से निकल रहे हैं, लंबी-लंबी कतारों की तस्वीरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले छह-सात दशक में जो नहीं हुआ, जिसकी कल्पना भी मुश्किल थी, वैसे निर्भीक वातावरण में बंगाल में इस बार मतदान हो रहा है। लोग भय मुक्त होकर वोट दे रहे हैं। यह देश के संविधान और देश के मजबूत होते लोकतंत्र का पुण्य प्रतीक है। मैं बंगाल की महान जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि वह अपने अधिकार के प्रति इतनी सजग है और बड़ी संख्या में मतदान कर रही है।'' उन्होंने कहा कि अभी मतदान खत्म होने में कई घंटे बाकी हैं। उन्होंने कहा, ''मैं बंगाल की जनता से आग्रह करूंगा कि लोकतंत्र के इस पर्व में ऐसे ही उत्साह से भाग ले।'' प्रधानमंत्री ने गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसका नाम 'मां गंगा' के नाम पर रखना विकास और सांस्कृतिक विरासत के समन्वय को दर्शाता है। उन्होंने राज्य के लोगों को इस परियोजना के लिए बधाई दी।

### पीएम मोदी ने गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया

**हरदोई/लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को हरदोई के मल्लावां में 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। आधिकारिक बयान के अनुसार लगभग 36,230 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह एक्सप्रेसवे मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा समय को मौजूदा 10-12 घंटे से घटाकर करीब छह घंटे कर देगा। बयान में कहा गया है कि गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज सहित 12 प्रमुख जिलों को जोड़ेगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री के हरदोई पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया और उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट किया। आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस एक्सप्रेसवे के उद्घाटन से राज्य की विकास यात्रा को नयी गति मिलेगी। आदित्यनाथ ने छह-लेन वाले इस एक्सप्रेसवे को गांवों, किसानों, उद्यमियों और युवाओं को जोड़ने वाली जीवन रेखा बताते हुए कहा कि यह विकास को गति देने और दूरियां कम करने में अहम भूमिका निभाएगा। केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी इस परियोजना को देश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे में से एक बताते हुए इसे आधुनिक बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण उपहार करार दिया। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, पौधरोपण किया और जनसभा को संबोधित करने के बाद दोपहर में वापस लौटने का कार्यक्रम है।

### गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में एक लाख से अधिक किसानों का योगदान : योगी आदित्यनाथ

**हरदोई :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में किसानों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि एक लाख से अधिक किसानों ने इस परियोजना के लिए जमीन उपलब्ध कराई, जिससे इसका समय पर निर्माण संभव हो सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखी गई आधारशिला आज साकार रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था एवं संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम बनेगा। प्रधानमंत्री द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन समारोह से पहले आयोजित सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, राज्य के 12 जिलों के एक लाख से अधिक किसानों ने इस एक्सप्रेसवे के लिए अपनी जमीन दी। मैं उन सभी 'अन्नदाता' किसानों का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सहयोग से यह परियोजना साकार हो सकी। प्रधानमंत्री मोदी हरदोई के मल्लावां में आयोजित कार्यक्रम में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने पहुंचे। यह एक्सप्रेसवे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ता है और उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से होकर गुजरता है। मुख्यमंत्री ने कहा, दिसंबर 2021 में रखी गई आधारशिला आज साकार हो चुकी है। यह एक्सप्रेसवे किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था व संस्कृति के संरक्षण तथा प्रदेश की समृद्धि का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस आधुनिक बुनियादी ढांचे ने 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों के योगदान से आकार लिया है। एक्सप्रेसवे के साथ 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड औद्योगिक क्लस्टर और लॉजिस्टिक्स हब विकसित किए जा रहे हैं, जो आवागमन को तेज करने के साथ निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे।

### रांची: पैसे न देने पर 50 वर्षीय मां की हत्या, नाबालिग बेटी हिरासत में

**रांची :** झारखंड के रांची जिले में पैसे देने से इनकार करने पर अपनी 50 वर्षीय मां की कथित तौर पर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इस सिलसिले में लड़की के 'प्रेमी' समेत दो लोगों को बिहार के गयाजी से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना 24 अप्रैल को हुई थी, लेकिन मामला तीन दिन बाद 27 अप्रैल को प्रकाश में आया। मृतका की पहचान डोरंडा थाना क्षेत्र के मनीटोला की रहने वाली नाहिदा परवीन के रूप में हुई है। शहर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने संवाददाताओं को बताया कि इस संबंध में मृतका के देवर ने 26 अप्रैल को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने मामले को संदिग्ध बताया था। राणा ने कहा, हमने बिहार के गयाजी जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मृतका की 17 वर्षीय दत्तक बेटी का प्रेमी शामिल है। लड़की को भी हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के दौरान लड़की ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि उसने अपने प्रेमी अरबाज खान (20) और उसके तीन दोस्तों के साथ मिलकर अपनी मां की हत्या की है। उसने अपनी मां को तब मारा जब उन्होंने उसे पैसे देने से मना कर दिया था।

## भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रभावित करने के लिए तैयार किया 'समानांतर ढांचा' : अखिलेश यादव



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में चुनाव को प्रभावित करने के लिए केंद्रीय बलों के नेतृत्व में एक 'समानांतर प्रशासनिक ढांचा' तैयार किया गया है। उन्होंने दावा किया कि मजबूत जनसमर्थन के कारण पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक फिर ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही हैं। यादव ने यहां प्रेसवार्ता में कहा, ''बंगाल में दीदी (ममता बनर्जी) ऐतिहासिक वोटों से जीतने जा रही हैं। बंगाल की जनता बड़े पैमाने पर उनके पक्ष में मतदान कर रही है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में चुनाव को प्रभावित करने के लिए पहली बार मौजूदा प्रशासन के साथ-साथ एक समानांतर व्यवस्था स्थापित की गई है। यादव ने कहा,''हम देख रहे हैं कि केंद्रीय बलों के माध्यम से एक समानांतर ढांचा तैयार किया गया है। ऊपर से नीचे तक कमान की एक पूरी तरह से अलग श्रृंखला स्थापित की गई है।'' सपा प्रमुख ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के स्तर पर भी हस्तक्षेप के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''डीजीपी कौन होना चाहिए --इसके लिए नामों का सुझाव दिया जा रहा है और हर जिले में पुलिस प्रमुख से ऊपर एक आईपीएस अधिकारी को तैनात किया गया है।''

## बिहार : मंत्रिमंडल ने 64 प्रस्तावों को दी मंजूरी, बिजली सब्सिडी व पुलिस क्षेत्र में बड़े फैसले

**पटना :** बिहार मंत्रिमंडल ने बुधवार को राज्य के विकास और जनहित से जुड़े 64 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनमें बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 23,165 करोड़ रुपये की सब्सिडी, पुलिस विभाग में 20,937 पदों पर पदोन्नति और भर्ती का मार्ग प्रशस्त करने तथा शिक्षा क्षेत्र में 208 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने जैसे फैसले शामिल हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 'मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' के तहत 23,165 करोड़ रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई है। इस राशि में से 18,005 करोड़ रुपये सीधे एनटीपीसी को दिए जाएंगे, ताकि उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बोझ न बढ़े, जबकि शेष 5,160 करोड़ रुपये बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी को उपलब्ध कराए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इस योजना के तहत हर महीने 1,500.41 करोड़ रुपये भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से एनटीपीसी को भेजे जाएंगे, जिससे राज्य में बिजली दरों को स्थिर रखने में मदद मिलेगी। शिक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए मंत्रिमंडल ने '7 निश्चय-3' कार्यक्रम के तहत उन 208 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है, जहां अब तक कोई डिग्री कॉलेज नहीं है। इसके लिए 9,152 पदों का सृजन किया गया है तथा प्रारंभिक व्यवस्था के लिए 104 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य के सभी जिला स्कूलों और प्रत्येक प्रखंड के एक उच्च माध्यमिक विद्यालय को 'आदर्श विद्यालय' (मॉडल स्कूल) के रूप में विकसित करने के लिए 800 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## बिहार में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना से छात्रों का पलायन रुका : उपमुख्यमंत्री चौधरी



**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को दावा किया कि राज्य में सरकारी इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की स्थापना से अन्य राज्यों में छात्रों के पलायन में काफी कमी आई है और उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि हुई है। चौधरी ने बिहार सरकार के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। विभाग के प्रभारी मंत्री चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, ''पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 'सात निश्चय-1' कार्यक्रम के तहत बिहार के प्रत्येक जिले में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थापित करने की परिवर्तनकारी नीति शुरू की गई थी। इससे छात्रों को राज्य के भीतर रोजगार पाने में मदद मिली और उनकी रोजगार क्षमता बढ़ी।'' उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी नीतीश कुमार की नीतियों पर काम कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक बिहार के सभी जिलों में 38 सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज और 46 पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा, ''सात निश्चय-2 कार्यक्रम के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित किए गए हैं, जो छात्रों को रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर रहे हैं।'' चौधरी ने दावा किया कि राज्य के सभी क्षेत्रों से छात्र-छात्राएं इन उत्कृष्टता केंद्रों में अध्ययन कर रहे हैं जो ''समावेशी विकास का प्रतीक'' है। विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि मौजूदा समय में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में 14,553 और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में 17,243 सीटें उपलब्ध हैं।

### 'जनगणना 2027' में सक्रिय भागीदारी करें लोग : भजनलाल शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य के लोगों से 'जनगणना 2027' में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए बुधवार को कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे जनगणना में सहभागिता को सामाजिक न्याय के अवसर के रूप में अपनाएं। आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है और जनगणना कार्मिकों को लोगों तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी होगी। ऐसे में आमजन को जनगणना कार्य में उनका सहयोग करना चाहिए। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे मकान और परिवार से संबंधित सटीक, सत्य और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय अभियान में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान में जनगणना 2027 का पहला चरण मई से शुरू होगा। इसके तहत मकानों की सूचीकरण और गणना का कार्य 16 मई से 14 जून तक किया जाएगा, जिसके दौरान प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे।

### राजस्थान: चंबल नदी में मवेशियों को नहलाते समय मगरमच्छ के हमले में चरवाहे की मौत

**कोटा :** राजस्थान के कोटा जिले में बुधवार सुबह चंबल नदी के किनारे अपने मवेशियों को नहला रहे एक चरवाहे पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया और उसे गहरे पानी में खींच ले गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना खतौली थाना क्षेत्र के घाटोद गांव के पास हुई। मुरारी गुर्जर (45), उनका बेटा चंद्र प्रकाश (22) और गोलू (20) गांव के पास चंबल नदी के किनारे अपने मवेशियों को नहला रहे थे। तभी नदी से अचानक निकले एक मगरमच्छ ने किनारे पर मौजूद मुरारी और चंद्र प्रकाश पर हमला कर दिया। चंद्र प्रकाश तो किसी तरह बच निकलने में सफल रहा, लेकिन मगरमच्छ ने मुरारी को अपने जबड़े में दबोच लिया और उसे गहरे पानी में खींच ले गया। शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चरवाहे की तलाश शुरू की। इस संबंध में पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) को भी सूचित किया गया। चंद्र प्रकाश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) ओम प्रकाश ने बताया कि ग्रामीणों और अधिकारियों द्वारा लगभग चार घंटे की तलाशी के बाद मृतक चरवाहे का शव किनारे से करीब 30 मीटर दूर नदी के गहरे हिस्से में मिला।

## उन्नाव में जीप-ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत



**उन्नाव :** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बिहार थाना क्षेत्र में बुधवार को जीप और ट्रक की टक्कर में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (बीघापुर) मधुप नाथ मिश्रा ने बताया कि यह हादसा सुमेरपुर-भगवंत नगर मार्ग पर किरतपुर गांव के सामने पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि मौरावां गांव निवासी एक परिवार के 10 लोग सूरज सिंह के बेटे शुभ के मुंडन संस्कार के लिए जीप से बक्सर गांव स्थित चंडीदेवी मंदिर जा रहे थे। मिश्रा के अनुसार, बिहार थाना क्षेत्र के किरतपुर गांव के पास जीप चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया, तभी आगे चल रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद जीप की रफ्तार कम हो गई और पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने भी उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे जीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर पलट गई। उन्होंने बताया कि पीछे से आ रहा ट्रक चालक भी नियंत्रण खो बैठा और उसका वाहन जीप से टकराते हुए सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 अप्रैल, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख शुक्लपक्ष चतुर्दशी, 21:15 तक, नक्षत्र : चित्रा, 26:12 तक, योग : वज्र, 20:51 तक, सूर्योदय: 05:05, सूर्यास्त: 18:02, चन्द्रोदय : 17:35, चन्द्रास्त: 04:31, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 13:47 से 15:23

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपको समझदारी का इम्तिहान देगा। खर्चों पर कंट्रोल रखना होगा और हर कदम सोच-समझकर उठाना होगा। सेहत को हल्के में न लें, और परिवार के मामलों को शांति से सुलझाएं।

**वृष :** आज किस्मत आपका साथ देने के मूड में है। जिस काम में हाथ डालेंगे, सफलता आपके कदम चूमेगी। निवेश से फायदा मिलेगा और बिजनेस में रफ्तार बढ़ेगी।

**मिथुन :** आज दिमाग आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और पुराने पैसे भी वापस मिल सकते हैं। आप अपने फैसलों से दूसरों को चौंका देंगे।

**कर्क :** आज अधूरे काम पूरे करने का दिन है, नहीं तो आगे चलकर परेशानी बन सकते हैं। वाहन चलाते समय खास सावधानी रखें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी दूरी महसूस हो सकती है।

**सिंह :** आज आपकी पहचान और प्रभाव बढ़ने वाला है। मीठी वाणी से सम्मान मिलेगा और ऑफिस में सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा। आप आगे बढ़ेंगे, लेकिन मन में किसी के लिए जलन न रखें।

**कन्या :** आज भागदौड़ भरा दिन रहेगा। काम के चलते यात्राएं होंगी और थकान महसूस हो सकती है। परिवार को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी, खासकर पैतृक संपत्ति के मामलों में सतर्क रहें।

**तुला :** आज खुशियों की दस्तक आपके घर आ सकती है। परिवार में नए सदस्य के आने या शादी-ब्याह की तैयारियों से माहौल खुशनुमा रहेगा। लेकिन हर बात हर किसी से शेयर न करें।

**वृश्चिक :** आज का दिन खुशी और व्यस्तता दोनों साथ लाएगा। काम का दबाव थोड़ा परेशान करेगा, लेकिन छोटे-छोटे फायदे आपको संतुष्ट रखेंगे। पड़ोस में विवाद जैसी स्थिति बन सकती है।

**धनु :** आज अवसरों की बरसात हो सकती है। आय के नए रास्ते खुलेंगे और पुराना दोस्त मिलकर दिल खुश कर देगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

**मकर :** आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। जल्दबाजी में लिए फैसले नुकसान करा सकते हैं। पुराने दोस्त से मुलाकात मन को खुशी देगी और दांपत्य जीवन मधुर रहेगा।

**कुम्भ :** आज बिजनेस में फायदा तो होगा, लेकिन कुछ तकनीकी अड़चनें परेशान कर सकती हैं। अनुभव का सही इस्तेमाल आपको आगे बढ़ाएगा। ससुराल पक्ष से कोई मिलने आ सकता है।

**मीन :** आज मेहनत ही आपकी पहचान बनाएगी। दोस्त से मुलाकात और परिवार के साथ समय आपको खुश रखेगा। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पल बिताने का मौका मिलेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3425

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | |
| ■ | | ■ | 6 | | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | |
| 15 | 16 | | 17 | | ■ | 18 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 19 | | ■ | | ■ | 20 | |
| 21 | | 22 | ■ | 23 | 24 | | 25 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 26 | | ■ | | ■ | 27 |
| 28 | | | | ■ | | ■ | 29 | | |

*बायें से दायें:-* 1) अपराध, 3) हैसियत, 5) मित्रताभंग, 6) दुश्मनी, 7) मेघ, 8) इस समय, 10) कराह, 11) कटौती; घाटा, 13) पीड़ा, 14) भेंट, 15) सिपाही, 18) परिश्रम, 19) हक़, 20) भस्म, 21) गद्देदार, 23) मसजिद, 26) गाना, 28) हसीना, 29) चतुराई.

*ऊपर से नीचे:-* 2) सूर्य, 3) ऊपर से, 4) नष्ट, 5) बहते पानी का मंदध्वनि, 6) एक पालतू पशु, 8) सचेत, 9) खोपड़ी, 10) पिसान, 12) किंतु परंतु ; त्रुटि, 13) अनुमति, 14) मिठासयुक्त, 16) गणवेश, 17) पितामह, 18) एक पहनावा, 20) मार्ग, 21) नौजवान, 22) अपरिहार्य और उचित, 24) रोना पीटना, 25) क़ालीन, 27) प्रभाकर.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | त | ति | ■ | सा | रि | का | ■ | ज़ा | ती |
| ■ | ■ | त | र | फ़ | ■ | रा | ष्ट्री | य | ■ |
| बे | का | र | ■ | ■ | ठें | गा | ■ | क़ा | बू |
| चा | ■ | बि | स्त | र | ■ | र | टा | ■ | च |
| रा | ह | त | ■ | ख | ल | ■ | प | क | ड़ |
| ■ | स्त | र | ■ | वा | य | व्य | ■ | ■ | ख़ा |
| ■ | क्षे | ■ | ब | ला | ■ | स | ट | क | ना |
| अ | प | वा | द | ■ | मा | न | ■ | न्हे | ■ |
| ज़ीं | ■ | दा | ल | ची | नी | ■ | क़ु | या | स |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3383

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 4 | 9 | |
| | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | 6 | | 7 | | 2 | |
| | | | | | 1 | 5 | | |
| | | 3 | | | 9 | | | |
| 4 | 2 | 6 | | | | | | |
| 8 | | | | 3 | | 1 | 4 | |
| | | | | | | 2 | | |
| | | 9 | 2 | | | 8 | | 5 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3382 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 1 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 |

# मतदान के बीच भवानीपुर में एक ही इलाके में पहुंचे ममता और शुभेंदु अधिकारी

❑ एक-दूसरे पर कसे तंज

❑ भाजपा उम्मीदवार ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, 30,000 वोटों से जीत का किया दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी बुधवार की सुबह भवानीपुर के चक्रबेड़िया स्थित एक ही मतदान केंद्र से संबंधित क्षेत्र में पहुंचे और बिना किसी सीधे संवाद या औपचारिक अभिवादन के एक-दूसरे पर तंज कसते नजर आए। ममता चक्रबेड़िया के वार्ड नंबर 70 में स्थानीय तृणमूल नेताओं को कथित तौर पर डराने-धमकाने की शिकायत मिलने के बाद मतदान केंद्र के बाहर बैठी हुई थीं, तभी शुभेंदु अधिकारी भी वहां पहुंचे। हालांकि, दोनों आमने-सामने नहीं आए। ममता जब पार्टी कार्यालय के बरामदे में बैठी थीं, तभी शुभेंदु अधिकारी केंद्रीय बलों के कर्मियों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ ठीक सामने वाली सड़क पर पहुंचे और मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए दावा किया कि उन्हें (ममता बनर्जी) को एहसास हो गया है कि 'एक भी वोट' उनके पक्ष में नहीं आ रहा है। शुभेंदु अधिकारी ने ममात के आरोपों को खारिज करते हुए इसे 'हताशा' का संकेत बताया। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि ममता बनर्जी डरी हुई हैं। उनकी पुलिस को केंद्रीय बलों से बदल दिया गया है, इसलिए वह घबराई हुई हैं। निर्वाचन आयोग ने यहां केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कर्मी तैनात किए हैं, तो अगर उन्हें कोई समस्या है तो उन्हें निर्वाचन आयोग के पास जाना चाहिए। उनके साथ 40-50 लोग क्यों आए हैं? उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उन्हें फोन किया था। अधिकारी ने ममता पर धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद '50-60 गुंडों' के साथ घूमने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि ममता उम्मीदवार हैं। वह बूथ पर जा सकती हैं। लेकिन यह 'गुंडागर्दी' क्यों? मैंने कोलकाता के कानून प्रवर्तन अधिकारी से शिकायत की है। इस बार किसी को भी धमकाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। चक्रबेड़िया में शुभेंदु ने ममता के



खिलाफ प्रचार करते हुए कहा कि कोई भी उन्हें वोट नहीं दे रहा है। लोगों को स्वतंत्र रूप से वोट देने की अनुमति मिलनी चाहिए। मैं भवानीपुर में कम से कम 30,000 वोटों के अंतर से जीतूंगा।

## कालीघाट क्षेत्र में दौरे के दौरान शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ लगे 'चोर-चोर' के नारे, निर्वाचन आयोग से की शिकायत

कोलकाता के कालीघाट इलाके में बुधवार को उस समय तनाव उत्पन्न हो गया जब भवानीपुर से भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी एक मतदान केंद्र पर पहुंचे और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका विरोध करते हुए नारेबाजी की। इसके बाद, पुलिस ने हस्तक्षेप किया और विपक्षी नेता ने निर्वाचन आयोग को अतिरिक्त केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग करते हुए एक शिकायत दी। सुरक्षा बलों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। यह घटना कालीघाट स्थित जय हिंद भवन के पास तब हुई जब शुभेंदु अधिकारी मतदान व्यवस्था का निरीक्षण करने आए थे। शुभेंदु अधिकारी सुबह से भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर रहे थे। शुभेंदु अधिकारी जैसे ही इलाके में पहुंचे, तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनके खिलाफ 'जय बंगला' और 'चोर, चोर' के नारे लगाने शुरू कर दिए। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'जय श्री राम' के नारे लगाकर जवाब दिया, जिससे राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस इलाके में तनाव बढ़ गया। मौके पर तैनात पुलिस कर्मियों को दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि नारेबाजी तेज हो गई और दोनों दलों के समर्थक बूथ क्षेत्र के आसपास जमा हो गए। पत्रकारों के सामने खड़े शुभेंदु अधिकारी ने निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को फोन किया और स्थिति के बारे में शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि उन पर हमला हुआ है और भाजपा कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है।

# 15 साल में पहली बार ममता का अलग अंदाज, बूथ-बूथ घूमती दिखीं तृणमूल सुप्रीमो

❑ **ममता ने केंद्रीय बलों के भाजपा के इशारे पर काम करने का लगाया आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया, और आरोप लगाया कि केंद्रीय बल और चुनाव पर्यवेक्षक भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख आमतौर पर मतदान के दिन दोपहर में अपने कालीघाट स्थित आवास से निकलकर मित्रा इंस्टीट्यूशन स्कूल में वोट डालने जाती हैं। हालांकि, इस बार, वह सुबह 8 बजे से पहले ही भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा करने निकल पड़ीं, जिनमें दक्षिण कोलकाता के चेतला



इलाके के मतदान केंद्र भी शामिल हैं।

बाद में, वह भवानीपुर के चक्रबेड़िया स्थित एक मतदान केंद्र के बाहर बैठीं और पत्रकारों से बात करते हुए अनियमितताओं का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा पर केंद्रीय बलों और पर्यवेक्षकों के जरिए मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि कई पर्यवेक्षक बाहर से आए हैं और भाजपा के निर्देशों पर काम कर रहे हैं। लोगों को मतदान करना है – क्या इस तरह मतदान हो सकता है? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के सभी पार्टी झंडे पहले ही हटा दिए गए और बाहरी लोग मतदान प्रक्रिया में दखल दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे वार्ड नंबर 70 के पार्षद को बाहर निकलने नहीं दे रहे हैं। वे हमारे सभी कार्यकर्ताओं को पकड़ रहे हैं। अभिषेक और मैं पूरी रात जागते रहे। ममता ने दावा किया कि राज्य के बाहर से कुछ लोग निर्वाचन क्षेत्र में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं और उन्होंने निर्वाचन आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

## 'बंगाल में परिवर्तन की बाढ़ आने वाली है', मतदान के बाद बोले मिथुन चक्रवर्ती



**कोलकाता, समाज्ञा :** अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने बुधवार को पूर्व कोलकाता के बेलगछिया में मतदान किया और विधानसभा चुनाव के पहले चरण की तरह इस बार भी भारी मतदान की उम्मीद जतायी। चक्रवर्ती ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने 'एक आम मतदाता की तरह' किसी विशेष सुविधा की मांग किए बिना, कतार में खड़े होकर वोट डाला। उन्होंने कहा कि मुझे कोई सुविधा नहीं चाहिए। मैंने एक आम व्यक्ति की तरह मतदान किया। मतदान प्रतिशत के बारे में भाजपा नेता ने कहा कि रुझान देखकर मुझे उम्मीद है कि मतदान 90 प्रतिशत से अधिक होगा। और अगर ऐसा होता है, तो आप अनुमान लगा सकते हैं कि क्या होगा। वोटिंग शेयर बढ़ने के सवाल पर अभिनेता ने कहा कि जो लोगों की भीड़ देख रहा हूं, उससे साफ है कि पहले चरण का रिकॉर्ड भी टूटेगा और वोटिंग 90 फीसदी से भी आगे जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो समझ लेना चाहिए कि परिवर्तन होने वाला है, लेकिन जीत की घोषणा होने से पहले मैं कुछ ही कहूंगा क्योंकि यह नियमों के खिलाफ है।

## 'महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता'

### मतदान के बाद बोलीं आरजी कर पीड़िता की मां



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव में पानीहाटी सीट से भाजपा की उम्मीदवार एवं आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले की पीड़िता की मां रत्ना देवनाथ ने उत्तर 24 परगना जिले के सोदपुर में मतदान किया और कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि लोग बदलाव के लिए मतदान करेंगे और राज्य को तृणमूल कांग्रेस के 'कुशासन' से मुक्त कराएंगे। देवनाथ ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने में टीएमसी विफल रही है। आरजी कर मामले में अब तक केवल एक ही गिरफ्तारी हुई है। जिस स्थान को अस्पताल में बेहद सुरक्षित माना जाता था, वहां आरोपी कैसे पहुंच गया? उन्होंने कहा कि मेरी बेटी के अलावा, पश्चिम बंगाल में टीएमसी शासन के दौरान सैकड़ों महिलाएं अत्याचार का सामना कर रही हैं। मेरी प्राथमिकता महिलाओं की सुरक्षा है। उन्होंने अपनी जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि एक भी वोट व्यर्थ न जाए। भाजपा उम्मीदवार ने यह भी आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने इस जघन्य अपराध को दबाने की कोशिश की।

### आरजी कर पीड़िता की मां के खिलाफ लगे 'गो बैक' के नारे

पानीहाटी सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले की पीड़िता की मां रत्ना देवनाथ को बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले में स्थित एक मतदान केंद्र पर जाने के दौरान तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। देवनाथ ने यह भी आरोप लगाया कि मतदाताओं को प्रभावित करने के आरोप को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ हुई बहस के बाद सत्तारूढ़ दल के समर्थकों ने उन्हें मतदान केंद्र परिसर से बाहर निकलने से रोक दिया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि 'जब मैं मतदान केंद्र से बाहर आ रही थी, तो मैंने एक बुजुर्ग महिला को देखा जो कमजोर लग रही थी और उसे चलने में कठिनाई हो रही थी। मैंने वहां मौजूद लोगों से उस महिला को वोट डालने में मदद करने का अनुरोध किया। लेकिन जैसे ही मैं बाहर निकली, तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मुझ पर मतदाता को प्रभावित करने का आरोप लगाया और मुझे वहां से जाने से रोक दिया। केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों ने उन्हें वहां से निकलने में मदद की। उन्होंने केंद्रीय बलों से उपद्रव करने और मतदाताओं को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि आयोग ने कथित घटना की रिपोर्ट मांगी है। तृणमूल कांग्रेस नेता ने देवनाथ पर मतदाताओं को प्रभावित करने और चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसी ने उन्हें धमकी नहीं दी। वह नौटंकी कर रही हैं।

## 'टीएमसी का खेल नहीं चलेगा', मतदान के बाद बोलीं रूपा गांगुली

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा उम्मीदवार रूपा गांगुली ने कहा कि ये (टीएमसी) जितनी भी खेल खेलने की कोशिश करें, लेकिन खेल नहीं कर पाएंगे। सोनारपुर दक्षिण विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार रूपा गांगुली अपना वोट डालने के लिए राजेंद्र शिक्षा सदन गर्ल्स हाई स्कूल पहुंचीं। वोटिंग के बाद रूपा गांगुली ने कहा कि इस बार सभी लोग सुबह-सुबह ही आ गए हैं। यह मतदान बहुत ही महत्वपूर्ण होने वाला है। ये (टीएमसी) कितना भी खेल खेलने की कोशिश करें, लेकिन खेला नहीं कर पाएंगे। रूपा गांगुली ने कहा कि मैं बस इतना ही कहूंगी कि अपना वोट खुद डालें और किसी और को अपनी जगह वोट न



डालने दें। अपना सीरियल नंबर जरूर चेक करें। अंदर जाएं, हर चीज को ध्यान से देखें और जिम्मेदारी से वोट करें। कृपया सभी नियमों का ठीक से पालन करें।

## 'भाजपा की रहती है पुरानी और खोखली भविष्यवाणी', मतदान के बाद बोले अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के नेता व सांसद अभिषेक बनर्जी ने मित्रा संस्थान मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। इस दौरान उन्होंने भाजपा के दावों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए अपनी पार्टी की जीत का भरोसा जताया। भाजपा द्वारा राज्य में 'क्लीन स्वीप' के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि ऐसे दावे पहले भी किए गए थे, लेकिन हर बार नतीजे इसके उलट ही आए हैं। उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं की भविष्यवाणियां कभी सही साबित नहीं हुईं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुराने बयानों का हवाला देते हुए कहा कि 2021 में भाजपा ने 200 सीटों का दावा किया था, लेकिन तृणमूल ने 200 से ज्यादा सीटें जीत लीं। इसी तरह लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के दावे गलत साबित हुए। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि इस बार भी भाजपा



177 सीटों का दावा कर रही है, लेकिन उनके 'ट्रैक रिकॉर्ड' को देखते हुए यह आंकड़ा काफी कम रह जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि टीएमसी इस बार और बेहतर प्रदर्शन करेगी और 2021 से ज्यादा जनादेश हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का वोट प्रतिशत भी बढ़ेगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो सख्ती भाजपा को अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर दिखानी चाहिए, वह बंगाल के लोगों के साथ दिखाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल की जनता को समझने में नाकाम रही है। साथ ही, उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे बड़ी संख्या में मतदान करें और टीएमसी को मजबूत जनादेश दें, ताकि भविष्य में राज्य के साथ किसी तरह का अन्याय करने से पहले विरोधी दलों को कई बार सोचना पड़े। इसके अलावा, उन्होंने 'बाहरी लोगों' के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि जितना ज्यादा बाहरी लोगों को लाकर बंगाल में प्रभाव डालने की कोशिश की जाएगी, उतना ही भाजपा को नुकसान होगा।

## भांगड़ में मतदान के दौरान तनाव, आईएसएफ ने धमकाने के लगाए आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान दक्षिण 24 परगना के भांगड़ और उसके आसपास के इलाकों में तनाव का माहौल रहा, जहां इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) ने तृणमूल कांग्रेस पर मतदान एजेंटों को डराने और मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। पता चला है कि भांगड़ और कैनिंग पूर्व निर्वाचन क्षेत्र के कई इलाकों से सुबह से ही अशांति की खबरें आती रही, जिसके चलते संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय बलों, राज्य पुलिस और एनआईए टीम की भारी तैनाती की गई। कैनिंग पूर्व निर्वाचन क्षेत्र के हेडिया में आईएसएफ ने आरोप लगाया कि उसके एक मतदान एजेंट को तृणमूल समर्थकों से जान से मारने की धमकी मिली है। आईएसएफ उम्मीदवार आराबुल इस्लाम शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंचे और प्रशासन पर निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कैनिंग पूर्व में वोटों की लूट हो रही है। कई बूथ पर तैनात हमारे प्रतिनिधियों को उनके कार्ड और दस्तावेज छीनकर बाहर निकाल दिया गया। सुबह से ही इस्लाम को मतदान केंद्रों का दौरा करते और सुरक्षा कर्मियों से मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में जमा भीड़ को हटाने के लिए कहते हुए देखा गया, साथ ही वह आईएसएफ के मतदान एजेंट को बूथों में प्रवेश करने में सहायता भी कर रहे थे।

## मतदान के बीच भवानीपुर में ममता के भाई को पुलिस ने दी चेतावनी



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच राजधानी कोलकाता के कई इलाकों से तनाव की खबरें आई। इसी क्रम में, भवानीपुर में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी और निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भाई कार्तिक बनर्जी को चेतावनी दी गई। जानकारी के अनुसार, कार्तिक बनर्जी मतदान केंद्र के पास कुछ लोगों के साथ बैठे थे, जिस पर पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि चार से अधिक लोगों के जमावड़े की अनुमति नहीं है। इस दौरान, उन्हें सावधान किया गया।

## बूथ में प्रवेश करने से रोकने पर तृणमूल उम्मीदवार मदन मित्रा और केंद्रीय बलों के जवानों के बीच तीखी बहस

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान मदन मित्रा और केंद्रीय बलों के जवानों के बीच तीखी बहस का मामला सामने आया है। घटना उत्तर 24 परगना जिले के कमरहट्टी विधानसभा क्षेत्र की है, जहां तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार मदन मित्रा को एक बूथ में प्रवेश करने से कथित तौर पर रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह से ही मदन मित्रा अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ इलाके का दौरा कर रहे थे। वह मतदान की स्थिति का जायजा ले रहे थे कि कहीं मतदाताओं को कोई परेशानी तो नहीं हो रही। दोपहर के समय जब वह कमरहट्टी के



एक मतदान केंद्र पर पहुंचे, तब बाहर मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई थी। इसी दौरान केंद्रीय बलों के जवानों ने उन्हें रोक लिया। मदन मित्रा ने पीले रंग का कुर्ता पहन रखा था और गले में लाल रंग का कपड़ा डाला हुआ था। आरोप है कि उसी कपड़े से उनका उम्मीदवार पहचान पत्र ढक गया था। केंद्रीय बलों के जवानों ने उनसे साफ तौर पर कहा कि प्रार्थी का पहचान पत्र दिखाइए। यह सुनकर मदन मित्रा नाराज हो गए और उन्होंने पलटकर जवानों से ही पूछ लिया कि आप लोगों का पहचान पत्र कहां है? पहले वह दिखाइए। इसके बाद, दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई और माहौल गरमा गया। स्थिति बिगड़ती देख मदन मित्र के सुरक्षा कर्मी आगे आए और उन्होंने उम्मीदवार का पहचान पत्र दिखाया। इसके बाद, मामला शांत हुआ और मदन मित्रा को बूथ के अंदर जाने दिया गया। घटना के बाद नाराजगी जताते हुए मदन मित्रा ने कहा कि हम भारत के नागरिक हैं, इस देश के मतदाता हैं। हमें इस तरह से रोका नहीं जा सकता।

# नदिया जिले में कई बूथों पर ईवीएम खराब होने से मतदान हुआ प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में नदिया जिले में मतदान शुरू होने के बाद कई जगहों से ईवीएम खराब होने और हिंसा की खबरें सामने आई हैं। सुबह से ही जिले के विभिन्न बूथों पर मतदान प्रक्रिया प्रभावित हुई, जिससे मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। राणाघाट उत्तर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में राणाघाट नगरपालिका के 3 नंबर वार्ड स्थित बूथ संख्या 148 पर ईवीएम मशीन खराब हो जाने के कारण मतदान बाधित हो गया। सुबह से वोट डालने पहुंचे मतदाताओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। वहीं, कृष्णानगर विधानसभा क्षेत्र के नकशीपाड़ा के धनंजयपुर स्थित बूथ संख्या 236 पर भी ईवीएम मशीन में खराबी आने से मतदान प्रभावित हुआ। कालीगंज विधानसभा क्षेत्र के बाराचंदघर के



**चोपड़ा में बीजेपी एजेंट पर हमले का आरोप**

बूथ संख्या 62 पर भी ईवीएम काम नहीं करने की सूचना मिली है। प्रशासन की ओर से तकनीकी टीम भेजकर मशीनों को ठीक करने की कोशिश की जा रही है।

इधर, दूसरे चरण की वोटिंग शुरू होने से पहले जिले में हिंसा की घटना भी सामने आई है। आरोप है कि चोपड़ा विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 53 पर जाने के दौरान एक भाजपा एजेंट मुशर्रफ मीर पर हमला किया गया। भाजपा का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस समर्थकों ने एजेंट को बुरी तरह पीटा और उसका सिर फोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और केंद्रीय बल मौके पर पहुंच गए और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की गई। घायल भाजपा एजेंट को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। चुनाव आयोग ने मामले की रिपोर्ट तलब की है।

नदिया जिले में एक ओर जहां कई बूथों पर ईवीएम खराब होने से मतदान प्रभावित हुआ, वहीं हिंसा की घटना ने चुनावी माहौल को और गरमा दिया है। हालांकि, प्रशासन का दावा है कि अधिकांश बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है और जहां भी समस्या आ रही है, वहां तत्काल समाधान की कोशिश की गई।

---

❑ **नवद्वीप में भाजपा प्रत्याशी के घर पर हमले का आरोप**

मतदान के बीच दोपहर में नवद्वीप से एक बड़ा राजनीतिक विवाद सामने आया है। भाजपा प्रत्याशी श्रुतिशेखर गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि उनके घर पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हमला किया। मिली जानकारी के अनुसार, नवद्वीप नगरपालिका के वार्ड 4 स्थित सुदर्शन हाईस्कूल के 54 नंबर बूथ के पास ही प्रत्याशी का घर स्थित है। आरोप है कि दोपहर करीब 2.30 बजे लगभग 40 पुरुष और महिलाएं वहां पहुंचे और घर के लोहे के गेट पर लात-घूंसे मारे तथा अपशब्द कहे। घटना की सूचना पाकर केंद्रीय सुरक्षा बल मौके पर पहुंचा और भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस की ओर से इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है।

## मतदान के दौरान दक्षिण 24 परगना जिले में एक्शन मोड में दिखे यूपी के 'सिंघम' अजय पाल शर्मा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विशेष पुलिस पर्यवेक्षक अजय पाल शर्मा ने बुधवार को दक्षिण 24 परगना जिले का दौरा किया और विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के दौरान मतदान प्रक्रिया पर नजर रखी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शर्मा ने बुधवार की सुबह निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर निकलने से पहले सीआरपीएफ महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह तथा बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बंद कमरे में 30 मिनट तक बैठक की। सिंह राजनीतिक रूप से संवेदनशील डायमंड हार्बर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने इस क्षेत्र में पहुंचे थे। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महानिदेशक ने वरिष्ठ अधिकारियों के



साथ बंगाल चुनाव के दूसरे चरण के दौरान डायमंड हार्बर में एडहॉक 343 की बी/4 कंपनी का दौरा किया।

### स्वपन दासगुप्ता ने जताई हिंसा-मुक्त चुनाव की उम्मीद

**कोलकाता, समाज्ञा :** रासबिहारी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार स्वपन दासगुप्ता बसंती देवी कॉलेज पहुंचे और अपना वोट डाला। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था बहुत अच्छी है और मतदान बहुत सुचारू रूप से चल रहा है। स्वपन दासगुप्ता ने कहा कि पहले चरण में दो बातें देखने को मिलीं। पहली यह कि रिकॉर्ड मतदान हुआ और दूसरी यह कि कोई मौत या बड़ी घटना नहीं हुई। कुल मिलाकर, हिंसा की घटनाएं बहुत कम रहीं। हमें उम्मीद है कि दूसरे चरण में भी ऐसा ही होगा, और यह पश्चिम बंगाल चुनावों में एक रिकॉर्ड बनाएगा। अगर बिना किसी मौत, बिना किसी हत्या और बिना किसी राजनीतिक हिंसा के चुनाव संपन्न होता है तो यह एक नए दौर की शुरुआत होगी।


बुधवार को मतदान केंद्र पहुंची एक बुजुर्ग मतदाता को सुरक्षाकर्मी ने मतदान के लिए सहायता प्रदान की।

# बांग्ला फिल्मों के अभिनेता-अभिनेत्रियों ने किया मतदान

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को बांग्ला फिल्म उद्योग के अदाकारों ने अपने व्यस्त शूटिंग कार्यक्रम में से समय निकालकर मतदान किया। **अभिनेता प्रसनजीत** चटर्जी ने अपने बेटे त्रिशंजीत के साथ बालीगंज क्षेत्र में अपना वोट डाला और अपने बेटे के पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मेरा बेटा पहली बार अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर रहा है। आज उसके लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। अभिनेता देबदूत घोष ने बताया कि उन्होंने दमदम में सुबह-सुबह मतदान किया। अभिनेत्री मनाली डे ने दक्षिण कोलकाता के कस्बा में मतदान किया। उन्होंने कहा कि मैंने सुबह जल्दी आकर अपने पिता के साथ मतदान किया, जिससे मुझे अपने पहले मतदान के दिनों की याद आ गई। बांग्ला फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता और तृणमूल कांग्रेस सांसद देव ने दक्षिण कोलकाता स्थित अपनी सोसाइटी के परिसर में बने मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। वह अन्य मतदाताओं के साथ कुछ देर तक कतार में खड़े दिखे। केंद्रीय बल के जवानों द्वारा कतार छोड़कर मतदान करने के अनुरोध पर देव ने विनम्रतापूर्वक मना कर दिया और कहा कि मुझे कोई जल्दी नहीं है। अभिनेत्री गार्गी रॉय चौधरी ने सॉल्टलेक क्षेत्र के सेक्टर पांच स्थित अपने मतदान केंद्र पर वोट डाला।





## गर्व से किया मतदान


दक्षिण कोलकाता के लेक इलाके के निवासी श्री और श्रीमती सी.के. वरदराजन ने किया मतदान


सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने किया मतदान


शंकुतला-लक्ष्मीकांत तिवारी जोड़ासांको विधानसभा में मतदान करने बाद


संजीव गोयनका, आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष ने किया मतदान


भवानीपुर विधानसभा में मुरारीलाल दीवान अपने पौत्रों के साथ मतदान किया, जिनमें तीन पौत्रों ने पहली बार मतदान किया


सीडब्ल्यूबीटीए के उपाध्यक्ष प्रदीप लुहारीवाला ने किया मतदान


चंद्रेश मेघाणी सह परिवार ने किया मतदान


अरुण कोठारी
कोठारी इंडस्ट्रीज


विमल दीवान सह परिवार ने किया मतदान


कमल दुग्गड़ सह परिवार किया मतदान


समाजसेवी विकास जायसवाल ने पत्नी के साथ किया मतदान


मां ने निभाया मतदान का फर्ज, बेटे ने भी उत्साह में दिया साथ। रितुपर्णा भट्टाचार्य नामक एक युवती उंगली पर स्याही दिखाते हुए बेटे के साथ साझा की खुशी।


भाजपा नेता रितेश खटेड़ व अन्य ने किया मतदान


राघव तोशनीवाल एवं अर्पित तोशनीवाल ने किया मतदान

## चुनाव बाद हिंसा रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

❑ **2021 हिंसा का हवाला, हाई-लेवल कमेटी गठन की मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चुनावी हिंसा से जुड़ी एक लंबित याचिका के संबंध में सुप्रीम कोर्ट में एक अंतरिम याचिका दायर की गई है। इस याचिका में मांग की गई है कि चल रहे विधानसभा चुनावों के दौरान और उसके बाद कानून-व्यवस्था की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए, सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया जाए। यह याचिका सनातनी संसद नाम की संस्था ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार ने कोर्ट को जो आश्वासन दिए थे, वे जमीन पर सच साबित नहीं हो रहे हैं। राज्य में अब भी हिंसा, वोटरों को डराना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं हो रही हैं। इस अर्जी में साल 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा का विस्तार से जिक्र है। याचिकाकर्ता ने मानवाधिकार आयोग और कलकत्ता हाई कोर्ट की रिपोर्ट का हवाला दिया है। कोर्ट से मांग की गई है कि संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त केंद्रीय बलों की तैनाती की जाए। निगरानी कमेटी की मंजूरी के बिना पुलिस अफसरों के तबादले न हों। हत्या और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों की जांच के लिए एसआईटी बनाई जाए। हर जिले में फास्ट-ट्रैक कोर्ट बने ताकि मामलों का फैसला जल्दी हो सके। इसके अलावा, गवाहों की सुरक्षा और चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों की सुरक्षा के लिए भी कड़े कदम उठाने की अपील की गई है।

## बाली विधानसभा क्षेत्र में फिर तनाव, ईवीएम निकलने के दौरान पुलिस का लाठीचार्ज

**हावड़ा :** बाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डनबस्क मोड़ स्थित सोहन लाल स्कूल के सामने एक बार फिर तनाव का माहौल देखने को मिला। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शाम के समय जब ईवीएम मशीनों को बाहर निकाला जा रहा था, उसी दौरान स्थिति बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में स्कूल के बाहर मौजूद थे। प्रशासन द्वारा उन्हें वहां से हटने के लिए कहा गया, लेकिन इसी दौरान भीड़ में धक्का-मुक्की और हंगामा शुरू हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और केंद्रीय बल के जवानों को लाठीचार्ज करना पड़ा। लाठीचार्ज के बाद भीड़ को वहां से हटाया गया और इलाके में फिर से शांति बहाल की गई। बताया जा रहा है कि यह घटना उसे समय घटी जब एवं को लेकर सुरक्षा अधिकारी डीसीआरसी सेंटर तक जाने के लिए निकल रहे थे तकरीबन सात 7:30 बजे उसे दौरान घटी लेकिन सुरक्षा बलों ने तुरंत ही भीड़ को तीतर भीतर कर स्थिति को काबू में कर लिया अभी स्थिति सामान्य है, स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## उत्तर 24 परगना जिले में भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ता भिड़े, सुरक्षा बलों ने किया लाठीचार्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के दौरान उत्तर 24 परगना जिले में भारी हिंसा की खबर सामने आई। मतदान के आखिरी घंटों में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। यह घटना जिले के बूथ नंबर 120, अरबिंदा रैली क्षेत्र की है। मतदान प्रक्रिया जारी रहने के दौरान ही दोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी और मारपीट हुई। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल और सुरक्षा एजेंसियों को मौके पर भेजा गया। भाजपा नेता व पूर्व सांसद अर्जुन सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग इस घटना पर पैनी नजर बनाए हुए है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तनाव काफी समय से बना हुआ था। जैसे ही मतदान अंतिम दौर में पहुंचा, हिंसा भड़क उठी। सुरक्षाबलों ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज का भी सहारा लिया।

## भीषण गर्मी में लोकतंत्र की रक्षा: मतदान सुरक्षा में डटे पूर्व रेलवे के आरपीएफ जवान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आरपीएफ के जवानों ने भीषण गर्मी के बीच मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डायमंड हार्बर क्षेत्र में तैनात महिला एवं पुरुष कर्मी पूरे दिन मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया की रक्षा में जुटे रहे।

मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के साथ-साथ आरपीएफ कर्मियों ने मतदाताओं, विशेषकर बुजुर्गों की सहायता कर उन्हें निर्भय होकर मतदान करने में सहयोग दिया। उनकी तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण ने मतदान प्रक्रिया को सहज और सुव्यवस्थित बनाए रखने में अहम योगदान दिया।



इस दौरान आईजी-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/पूर्व रेलवे, अमिय नंदन सिन्हा ने विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने जमीनी स्तर पर तैनात कर्मियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पूर्व रेलवे द्वारा पूरे क्षेत्र में आरपीएफ एवं आरपीएसएफ की कुल 40 कंपनियां तैनात की गई थीं। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों की सतर्कता और समन्वय के चलते विभिन्न क्षेत्रों से शांतिपूर्ण मतदान की खबरें प्राप्त हुईं।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, शिबराम माझी ने कहा, हमारा बल हर वोट की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।


इंटाली विधानसभा क्षेत्र की भाजपा उम्मीदवार प्रियंका टिबरेवाल ने किया मतदान

### एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को विकास में तेज़ी लाने के लिए सुमितोमो मित्सुई फाइनैंशियल ग्रुप से मिला रु 1,075 करोड़ का निवेश

**कोलकाता :** सुमितोमो मित्सुई फाइनैंशियल ग्रुप (एसएमएफजी) ने राइट्स इश्यू के ज़रिए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट (एसएमआईसीसी) में रु 1,075 करोड़ का निवेश कर भारतीय बाज़ार और कंपनी के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत बना लिया है। इस अवसर पर एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के एमडी एवं सीईओ श्री रवि नारायणन ने कहा, ''हम विकास के अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे में एसएमएफजी से मिली यह पूंजी हमारी योजनाओं को अंजाम देने की हमारी क्षमता बढ़ाएगी। हम बेहतरीन तरीके से काम करते हुए अनुमान के मुताबिक लगातार स्थायी विकास पर फोकस कर रहे हैं। हमारी डिजिटल रूपान्तरण यात्रा में नए दौर की तकनीकों को शामिल कर, निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रथाओं के द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।''


जोड़ासांको विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार विजय ओझा ने पत्नी के साथ किया मतदान


हावड़ा उत्तर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार उमेश राय ने किया मतदान

## पूर्व रेलवे का जागरूकता अभियान शुरू, अग्नि-सुरक्षा को लेकर यात्रियों को किया जा रहा सतर्क

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने रेलवे परिसरों, ट्रेनों और रेल लाइनों के आसपास आग से होने वाले खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को सतर्क करना और सुरक्षित, अग्नि-मुक्त यात्रा सुनिश्चित करना है। व्यस्त शाम के समय, जब यात्री दिनभर की थकान के बाद घर लौटते हैं, स्टेशन पर बिकने वाले गर्म खाद्य पदार्थ जैसे आलूर चोप और मुरी अक्सर लोगों को आकर्षित करते हैं। हालांकि, इन्हें गर्म रखने के लिए उपयोग की जाने वाली अवैध आग गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। रेलवे के अनुसार, एक छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, जिससे जान-माल का नुकसान संभव है।

पूर्व रेलवे द्वारा रेलवे सुरक्षा बल और स्टेशन कर्मचारियों की मदद से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। सियालदह, हावड़ा, आसनसोल और मालदह मंडलों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाकर यात्रियों को आग से जुड़े जोखिमों के बारे में जानकारी दी जा रही है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्लेटफॉर्म, ट्रेनों और रेल लाइनों के आसपास आग जलाना या ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग करना सख्त रूप से प्रतिबंधित है। सूखी घास, कचरा या ट्रैक के पास खाना बनाना गंभीर दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर सकता है। साथ ही गैस सिलेंडर, पेट्रोल, केरोसिन, स्टोव, पटाखे और सिगरेट जैसी ज्वलनशील वस्तुओं को ले जाना भी पूरी तरह निषिद्ध है। रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 164 और 165 के तहत ज्वलनशील पदार्थ ले जाना एक दंडनीय अपराध है, जिसके लिए दोषी पाए जाने पर तीन साल तक की सजा, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा में उनकी सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि छोटी-सी चूक भी बड़े हादसे में बदल सकती है, इसलिए सभी को मिलकर रेलवे परिसर को सुरक्षित और अग्नि-मुक्त बनाए रखना चाहिए। यह अभियान यात्रियों को सुविधा से पहले सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश देता है, ताकि हर यात्रा सुरक्षित और सुखद तरीके से पूरी हो सके।


बारानगर विधानसभा क्षेत्र की तृणमूल उम्मीदवार सायंतिका बनर्जी ने किया मतदान

# बच्चों को बनाएं शाकाहार का शौकीन

नीतू गुप्ता



अधिकतर मम्मियों की शिकायत होती है कि बच्चों को हरी सब्जियां कैसे खिलाएं? बच्चे तो सब्जी के नाम से नाक-मुंह सिकोड़ते हैं। उन्हें खाने को राजमां, चने, चिकन, मीट या जंक फूड ही चाहिए। बच्चे को यदि सीधे रूप से हरी सब्जियां पसंद नहीं हैं तो उन्हें कुछ अन्य खाद्य पदार्थों में मिला कर देने से आप उन्हें भी वेजीटेबल लवर बना सकती हैं। आइए देखिए कि कैसे या किस रूप में उन्हें हरी सब्जियां दी जाएं।

बच्चों को वेज़िटेबल बर्गर और सैंडविच बनाने के लिए उत्साहित करें। बच्चे अपने हाथों द्वारा तैयार किए बर्गर और सैंडविच चाव से खाएंगे। आप भी उनके साथ बैठकर खाएं और प्रशंसा करें कि कितना न्यूट्रीशियस और स्वादिष्ट बनाया है।

अपने फ्रिज में हरी सब्जियां भर कर रखें जैसे बंदगोभी, मटर, पालक, गाजर, ब्रोकली, टमाटर, शिमला मिर्च आदि। आजकल शिमला मिर्च और बंदगोभी कई रंगों में आती है। थोड़ी-थोड़ी मात्रा उनकी भी रखें ताकि बच्चे फ्रिज खोलते समय उन्हें देखें और आकर्षित हों।

पाव-भाजी बनाते समय भाज़ी में आलू के साथ कई हरी सब्जियां जैसे मटर, बंदगोभी, ब्रोकली, धनिया आदि डालें ताकि भाज़ी के साथ हरी सब्जियां भी बच्चे खा लें। कोशिश करें कि सब्जियों को अधिक मैश कर न बनाएं।

हरी सब्जियों से भरे पुलाव, बिरयानी और नमकीन दलिया बनायें। जब उन्हें पुलाव, दलिया सर्व करें तो ऊपर से धनिया पत्ती डालें और थोड़ा गाजर, टमाटर, पालक आदि भी डाल दें।

हरी सब्जियों का सूप दाल में मिलाकर या बाजार के रेडिमेड सूप पैकेट भी बनाते समय उसमें कुछ मटर के दाने, धनिया पत्तियां, गाजर, फूलगोभी बारीक कटी हुई डालें। देखने में भी सुंदर लगेगा और पौष्टिक भी होगा।

पिज़ा बनाते समय खूब सारी हरी सब्जियों से और मशरूम से पिज़ा बेस सजाएं और उस पर चीज़ डालकर बनाएं।

कभी कभी हरी सब्जियों को ब्लैंड कर उनसे आटा गूंथें, फिर बच्चों को उस आटे के परांठे और पूरी खाने को दें।

देखिए कुछ ही दिनों में बच्चों को हरी सब्जियां खाने का शौक विकसित हो जाएगा। (स्वा.द.)

# जीवन जीने की कला - स्वस्थ रहें, खुश रहें

राजेन्द्र सिंह 'राज'



आज हर उम्र के लोग फिटनेस मेनिया से त्रास्त हैं। दूसरों की देखादेखी आप और हम भी कभी सुबह की सैर को निकल पड़ते हैं तो कभी हफ्ता-दस दिन डायटिंग कर लेते हैं। फिर वही दौड़-धूप। वही फास्ट-फूड। वही असंतुलित भोजन और अंततः तनावग्रस्तता।

पहले जमाने में जिन्दगी इतनी आसान नहीं थी। शारीरिक श्रम बहुत जरूरी था। घर के कामों में ही अच्छी-खासी कसरत हो जाया करती थी। जैसे-जैसे विज्ञान प्रगति करता गया, भौतिक सुविधाएं बढ़ने लगी। जिन्दगी आसान बनने लगी। श्रम घट गया लेकिन दौड़-धूप बढ़ गई। खान-पान बदल गया। प्रकृति से दूर होने लगे हम।

फिटनेस का अर्थ सुडौल शरीर से है न कि मांसल सौंदर्य से। शारीरिक फिटनेस कोई एक दिन में नहीं पायी जा सकती। यह तो एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। हमारे भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिये नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, तनाव मुक्ति, पूरी नींद और आराम के साथ व्यसनों से मुक्त जीवन शैली भी जरूरी है।

स्वास्थ्य और फिटनेस के नियमों के विषय में जानकारी होना भर ही नहीं, अपने जीवन में उनका पालन करना भी नितांत जरूरी है।

सही फिटनेस के लिए सही पोस्चर

हमारी फिटनेस ठीक तभी रहेगी जब हम सही ढंग से चलेंगे-फिरेंगे, उठेंगे-बैठेंगे। पोस्चर सही न होने पर कई प्रकार के शारीरिक कष्ट हो सकते हैं जैसे सिर टेढ़ा होने से मुंह टेढ़ा लगेगा, गर्दन टेढ़ी हो जाएगी और उसमें दर्द होगा। आंखों पर भी असर पड़ेगा, वे कमजोर हो जाएंगी। पेट बड़ा हुआ नहीं कि कमर, घुटनों और टांगों में दर्द शुरू हो जाएगी।

पैरों की पोजीशन ठीक नहीं होने से पिंडलियों व एड़ी में दर्द रहने लगता है। हमेशा सीधे चलें। बायां पैर आगे ले जाते समय दायां हाथ और दाएं पैर के साथ बायां हाथ आगे आना चाहिए हाथ-पैर दोनों साथ-साथ चलने चाहिए।

बदलें अपनी बुरी आदतें

सुबह की सैर और शाम को कुछ देर बैडमिंटन या टेनिस खेलना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। स्वस्थ रहने के लिए बहुत जरूरी है हृदय और श्वासन तंत्रा सुचारू रूप से काम करें। ब्लडप्रेशर नियंत्रित रखें। कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहे। धूम्रपान, मदिरापान से बचें। हर दर्द के लिए पेनकिलर न खाएं। शरीर में अतिरिक्त चर्बी न जमने दें।

मौसमी फलों का सेवन स्वास्थ्य की दृष्टि से फायदेमंद है। बेमौसमी सब्जियों का सेवन न करें। जूस घर पर ही पियें। नमक को नमक समझ कर ही खाएं। विटामिन और खनिज लवण का हमारे स्वास्थ्य से गहरा रिश्ता है। वसा का प्रयोग कम ही करें। कार्बोहाइड्रेट और वसा शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं। कैल्शियम और आयरन युक्त आहार को प्राथमिकता दें। नशे से बचें।

व्यायाम भी नियमानुसार करें

अक्सर लोग अपनी सुविधा और मर्जी से व्यायाम करते हैं और फिर छोड़ भी देते हैं। सही मार्गदर्शन में व्यायाम करें। उम्र और शारीरिक स्थिति के अनुसार व्यायाम करना चाहिए। व्यायाम नियमानुसार करें। सांस लेने और छोड़ने में तनिक भी लापरवाही घातक सिद्ध हो सकती है। गलत पोस्चर में व्यायाम करने से अच्छा है व्यायाम न करें। फिजिकल टेऋनर से मार्गदर्शन प्राप्त कर व्यायाम करें। योग और एरोबिक्स फिटनेस बनाए रखने के लिए लाभकारी हैं। (स्वा.द.)

# सेहत की खबरें

अशोक गुप्त

## मोटापा दूर करने के लिए कार्बोहाइड्रेट कम लें

यूं तो भोजन को शक्ति और वसा में बदलने की प्रक्रिया मनुष्य की चयापचय दर पर निर्भर करती है, किंतु कुछ लोगों में वसा बनाने की दर व क्षमता काफी अधिक होती है। कैम्ब्रिज की मैडिकल रिसर्च काउंसिल के शोधकर्ताओं के अनुसार मोटे लोगों को जब एनर्जी-बैलेंस्ड डाइट दी गई तो उनमें कार्बोहाइड्रेट से वसा बनाने की क्षमता बहुत अधिक पाई गई जिस कारण ऐसे लोगों में थोड़ा सा भी अतिरिक्त खाने से वसा तेजी से बढ़ने लगती है। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है कि यह आनुवंशिक है या जीवन शैली के कारण है इसलिए मोटापे से बचने के लिए कार्बोहाइड्रेट कम खाना ही हितकर है।

## पुरूषों को भी होती है रजोनिवृत्ति

महिलाओं को तो रजोनिवृत्ति के समय कई समस्याओं का सामना करना ही पड़ता है किन्तु उम्र बढ़ने के साथ पुरूषों को भी रजोनिवृत्ति का सामना करना पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरूषों में धीरे-धीरे हार्मोन टेस्टास्टारोन का स्तर कम होता चला जाता है जिसके कारण उनके स्वभाव में तनाव, चिड़चिड़ापन व अन्य कई परिवर्तन होने लगते हैं। कई पुरूषों के जोड़ों में दर्द, अस्थि क्षरण, हृदय रोग व मधुमेह के शिकार हो जाते हैं तो कईयों को नपुंसकता घेर लेती है। अतः यदि आप 60 वर्ष से ऊपर हैं और आपको इनमें से कोई समस्या है तो अपने एंड्रोलोजिस्ट से अवश्य संपर्क करें।

## अधिक वजन बढ़ाता है जोड़ों का दर्द

जिन लोगों का वजन अधिक होता है उन्हें जोड़ों का दर्द होने की संभावना अधिक होती है। ज्यादा वजन होने के कारण घुटनों, हाथों और कूल्हों में अस्थि संधिशोथ होने का खतरा बढ़ जाता है, अतः विशेषकर उम्र बढ़ते समय वजन पर नियंत्रण रखना बहुत आवश्यक है। यदि आपका वजन अधिक हो तो प्राकृतिक व कच्चा आहार अधिक खाकर व हल्का नियमित व्यायाम कर अपना वजन घटाने का प्रयास करें ताकि जोड़ों के दर्द से बचा जा सके।

## मिर्गी से बचने के लिए आवश्यक है सब्जियां धोना

मिर्गी की बीमारी न केवल मनुष्य की सोचने समझने की शक्ति कम करती है बल्कि अन्य मानसिक रोगों को भी बढ़ावा देती है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रायः रोगियों में मिर्गी और मंद बुद्धि एक साथ पायी जाती है अतः बच्चे को मिर्गी का पहला दौरा पड़ते ही चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

विशेषज्ञों के अनुसार मिर्गी से बचने के लिए सलाद व सब्जियों को अच्छी तरह धोकर खाना आवश्यक है। उनके अनुसार रोगी को मानसिक तनाव से भी दूर रहना चाहिए क्योंकि मानसिक तनाव और चकाचौंध भरी रोशनी में काम करने से भी मिर्गी के दौरे पड़ने की संभावना बढ़ जाती है।

## अब पश्चिम भी मानने लगा है लहसुन के गुण


भारत में तो लहसुन का प्रयोग काफी समय से मसाले और औषधि के रूप में किया जाता रहा है पर अब पश्चिम के वैज्ञानिक भी अपने शोधों से इस परिणाम पर पहुंचे हैं कि लहसुन में मौजूद एंटी फंगल और एंटी बैक्टीरियल गुण हृदय रोगों व कई प्रकार के कैंसर से बचने में सहायक सिद्ध होते हैं। कैनेडा की टोरंटो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता डॉ. इयान क्रैंडल के अनुसार लहसुन के गुण इसमें पाये जाने वाले तत्व डाईसल्फाइड के कारण हैं। उन्होंने मलेरिया और कैंसर ग्रस्त कोशिकाओं पर डाईसल्फाइड योगिकों का प्रयोग करने पर पाया कि ये तत्व इन कोशिकाओं को नष्ट करने में उपयोगी रहे।

## सावधान रहें सब्जियों में विद्यमान विष से

यूं तो फल और सब्जियां स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभदायक हैं किंतु अधिक फसल उगाने के लालच में किसानों द्वारा रासायनिक खाद का प्रयोग, कीटनाशकों का प्रयोग और सब्जियों को चमकाने के लिए किए गए लेप के कारण मनुष्य के शरीर में हर वर्ष लगभग 100 मि. ग्रा. विष पहुंच जाता है जिससे अनेक गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। अतः बाजार से खरीदी गई सब्जियों को प्रयोग करने से पूर्व बहुत अच्छी तरह खुले पानी से धोएं। यदि संभव हो और स्थान उपलब्ध हो तो अपने घर में ही सब्जियां उगाने का प्रयास करें। घर की उगी हुई सब्जियां न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होंगी बल्कि स्वाद में भी बेहतर होंगी। (स्वा.द.)

# बदलते मौसम में रखें सेहत का ख्याल

डा. सीतेश कुमार द्विवेदी



दोपहर के समय तेज धूप में पसीने से तरबतर होने पर भी पानी पी लिया तो सुबह शाम ठंडी हवा के झोंके से खांसी जुकाम की शिकायत हो गई। कभी चाय पी कर ठंडा पी लिया, कभी लस्सी के बाद कॉफी, कभी ठंडे पानी से नहा लिए तो कभी गर्म पानी से। बदलते मौसम में लोग सेहत के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। यह बेपरवाही स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकती है। बदलते मौसम और लापरवाही ने हर शहर में सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, उल्टी व दस्त जैसी बीमारियों को न्यौता दे दिया है। इन दिनों हर घर में कोई न कोई बीमार पड़ा है। कहीं उल्टी-दस्त तो कहीं बुखार, कोई सर्दी जुकाम से परेशान तो कोई इस तपती धूप में सिर दर्द से बेचैन है। क्या करें ऐसे में।

### ये न करें:-

- चाय-कॉफी या गर्म चीजों का उपयोग कम करें।
- तंग कपड़े न पहनें।
- तेज गर्मी में बच्चों को घर से बाहर न निकलने दें।
- तली हुई चीजों का सेवन कम करें।
- पसीने में पानी न पिएं।
- पंखा तेज न चलाएं।
- चाय पर ठंडा न पिएं।
- ठंडे पर चाय काफी न पियें

### क्या करें:-

- खाने-पीने की चीजों का ख्याल रखें।
- ठंड पेय पदार्थ जूस, कोल्ड ड्रिंक व शिकंजी का उपयोग ज्यादा करें।
- गर्मी में शरीर में पानी की खपत ज्यादा होती है इसलिए खूब पानी पिएं।
- घर से बाहर निकलते समय चेहरे को ढक कर रखें। धूप से बचाव के लिए चश्मे व कैप का प्रयोग करें।
- जब ज्यादा पसीना हो तो उसी समय पानी न पिएं। पसीना सूखने दें व थोड़ी देर बाद पानी पिएं।
- सूती वस्त्रों का उपयोग करें, जो आरामदेह हों
- रात को सोते समय अगर थोड़ी ठंडक लगे तो खेस या चादर ओढ़ें।
- फिलहाल छत पर न सोएं।

### क्या है चिकित्सकीय नजरिया।

- सुबह-शाम थोड़ी सी ठंड लगे तो हल्के फुल्के गर्म कपड़े पहन लेने चाहिए।
- चश्मा लगाएं जो अच्छी गुणवत्ता व सूर्य की किरणों से सुरक्षा देने वाला हो।
- थोड़ी सी सर्दी व जुकाम में बेवजह दवाइयां न लें।
- अगर एलर्जिक बुखार व गले, नाक, कान व आंखों में खुजली या जलन हो तो हल्के गुनगुने पानी में नमक डाल कर गरारे करें। गले की खराश व खुजली से राहत मिल जाएगी।
- ज्यादा परेशानी होने पर चिकित्सक की राय लेकर ही दवाइयां लें। (स्वा.द.)

# कितना जरूरी है ईसीजी

नरेंद्र देवांगन



सीने में हल्का दर्द होता है और डॉक्टर आपको ईसीजी कराने की सलाह देते हैं। यूं तो हृदय रोग में सीने का दर्द पहला लक्षण माना जाता है और ईसीजी उसे जांचने का सबसे आसान और बेसिक तरीका है लेकिन यह जानना जरूरी है कि ईसीजी क्यों कराना चाहिए और इसके परिणामों का क्या मतलब होता है।

### कब जरूरी है ईसीजी:

यदि किसी को सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर, बेहोशी या धकधकी सी महसूस हो रही हो तो डॉक्टर ईसीजी कराने की सलाह देते हैं। हालांकि हृदय से जुड़े अधिकांश मामलों की पहचान ईसीजी के जरिए हो जाती है लेकिन अनियमित धड़कनों, ऐंजाइन की स्थिति में ईसीजी की रीडिंग्स पर कोई फर्क नहीं पड़ता है।

### स्ट्रेस स्टेट:

जब धड़कनों की दर नापनी हो तो उसके लिए स्ट्रेस टेस्ट किया जाता है जिसमें रोगी को ट्रेडमिल पर चलने को कहा जाता है और फिर रीडिंग ली जाती है।

### हॉल्टर ईसीजी:

ईसीजी मशीन के साथ रोगी को जोड़ दिया जाता है, जिसमें मशीन लगातार धड़कनों की गति की रीडिंग लेती रहती है, जब व्यक्ति अपने रोजाना के कार्यों को करता है।

### क्या करें और क्या नहीं:

जब ईसीजी करवा रहे हों तो उस दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। यदि ईसीजी करवाने वाला पुरूष हो तो फिर ईसीजी कराने वाले हिस्से में शेविंग करनी होती है। इससे इलेक्ट्रोड्स बेहतर तरीके से आपकी त्वचा से संपर्क कर पाता है। यदि महिला हैं तो उन्हें इस प्रक्रिया से पहले सारे गहने उतारने होते हैं।

हृदय रोग से जुड़ी कोई दवा ले रहे हों तो यह अच्छा है उसकी जानकारी जांच कराने से पहले ही डॉक्टर को दे दी जाए। वह आपको जांच कराने के कुछ घंटों पहले दवा बंद करने की सलाह दे सकते हैं। कई बार डॉक्टर इलेक्ट्रोड्स पैरों या हाथों पर भी लगा सकते हैं इसलिए इस दौरान मोजे न पहनें।

### क्या कहती है रीडिंग:

वैसे इन तरंगों के मतलब को समझ पाना थोड़ा कठिन होता है लेकिन रीडिंग के जरिए आप कुछ बातों को जान सकते हैं।

यदि आपकी हार्ट बीट्स 60 बीट प्रति मिनट हो तो इसका मतलब है कि आप कैड यानी कोरोनरी आर्टरी डिसीज से पीड़ित हैं जिसमें धड़कनें असामान्य रूप से गिर जाती हैं। इसके अलावा थायरॉइड के अनियंत्रित होने जैसी स्थिति में भी धड़कनें अनियमित हो जाती हैं।

यदि हार्ट बीट प्रति मिनट 100 है तो यह एक वॉल्व में गड़बड़ी के भी संकेत हो सकते हैं या फिर हाइपरटेंशन, तनाव जैसी स्थिति में भी ऐसा हो सकता है। (स्वा.द.)

# प्रकृति का अनमोल उपहार-मुलतानी मिट्टी

मुलतानी मिट्टी का उपयोग आज विभिन्न सौंदर्य प्रसाधनों में अधिक हो रहा है. इसी कारण इसकी अधिक खपत हो रही है। इसका कोई विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना भी नहीं है। यह मिट्टी राजस्थान के इलाकों में अधिक पायी जाती है। बाजार से भी मुलतानी मिट्टी खरीदी जा सकती है। हर छोटे या बड़े शहर में मुलतानी मिट्टी आपको मिल जायेगी।

मुलतानी मिट्टी का प्रयोग विभिन्न तरीके से कर सकते हैं। मुलतानी मिट्टी का पाउडर, एक चम्मच खीरे का रस, कच्चे आलू का रस, मिलाकर आंखों के नीचे लगायें। आंखों के नीचे का कालापन दूर होगा। शहद व ग्लिसरीन में मिलाकर कुछ दिन प्रयोग करने से काला हिस्सा साफ होगा।

मुलतानी मिट्टी, चंदन पाउडर, हल्दी, कपूर का तेल मिलाकर लगाने से चेहरे के दाग धब्बे दूर होंगे। अगर चेहरे का रंग निखारना है तो एक चम्मच मुलतानी मिट्टी पाउडर, एक चम्मच खीरे का रस, नींबू के रस की कुछ बूंदें व टमाटर के रस को मिलाकर पेस्ट बना लें। कुछ महीने ऐसा पेस्ट बनाकर लगायें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के बाद अपने आप सूखने दें। मौसम के अनुसार गुनगुने या ठंडे पानी से चेहरा साफ करें। इस पेस्ट का प्रयोग करने से रंग निखरेगा, साथ ही चेहरे की त्वचा आभामय हो जायेगी।

चेहरे पर चमक लाने के लिए विभिन्न तरह के फेस पैक बाजार में उपलब्ध हैं। अगर आप घर पर ही फेस पैक बनाना चाहें तो घर पर भी तैयार कर सकती हैं। मुलतानी मिट्टी पाउडर, चन्दन पाउडर, नारंगी छिलका पाउडर, नींबू छिलका पाउडर, नींबू का रस बराबर मात्रा में लेकर एक शीशी में भर कर रख लें।

जब भी फेस पैक लगाना हो, कच्चा दूध, गुलाबजल, नींबू का रस मिलाकर उसमें मिट्टी का पाउडर मिलाकर चेहरे पर लगायें। बड़ी उम्र की महिलाएं सप्ताह में दो बार इस फेस पैक को लगायें। छोटी उम्र की लड़कियां सप्ताह या महीने में एक या दो बार इस फेस पैक का प्रयोग कर सकती हैं।

त्वचा को सुन्दर व आकर्षक बनाने के लिए भी मुलतानी मिट्टी का प्रयोग कर सकते हैं। मुलतानी मिट्टी से त्वचा खुष्क नहीं होती। गर्मियों के मौसम में इसका प्रयोग काफी लाभकारी है क्योंकि गर्मी के मौसम में घमौरियां काफी हो जाती हैं। घमौरियां दूर करने के लिए मुलतानी मिट्टी पाउडर में दही मिलाकर साबुन की टिक्की की तरह बना लें। साबुन के स्थान पर इसे टिक्की की तरह प्रयोग करें। घमौरियों से राहत मिलेगी। सप्ताह में एक नींबू का रस व खीरे का रस मिलाकर हाथ पैर पर लगायें।

बालों को सुन्दर व आकर्षक बनाने के लिए भी मुलतानी मिट्टी को प्रयोग में ला सकते है। बालों को धोते समय या साफ करते समय दही छाछ मठ्ठे में मुलतानी मिट्टी मिलाकर लगायें। बालों में चमक आयेगी, वहीं बाल लम्बे भी होंगे। बालों में रूसी हो गई हो तो मुलतानी मिट्टी में नमक, तेल मिलाकर बालों की सफाई करें। बालों की जड़ें मजबूत करने के लिए नींबू का रस बालों की जड़ों में लगायें। उसके पश्चात मुलतानी मिट्टी से बाल धोयें। बालों को घना बनाने के लिए अण्डे की सफेद जर्दी बालों की जड़ों में लगायें। मुलतानी मिट्टी का प्रयोग बालों को धोने के लिए करें। इनके प्रयोग से बाल झड़ने कम होंगे, वहीं बाल घने होंगे। सप्ताह में दो बार अधिक पानी से बालों की सफाई करें।

मुलतानी मिट्टी के प्रयोग से किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। इसके प्रयोग से हमारी त्वचा व बाल इत्यादि सुंदर व आकर्षक बनते हैं। प्रकृति ने हमें यह एक अनमोल चीज दी है। इसका अधिक प्रयोग भी किसी को किसी प्रकार की हानि नहीं पहुंचाता। इसका प्रयोग बिना डर के किया जा सकता है। प्राचीन काल में ऋषि मुनि इसका लेप बनाकर पूरे शरीर पर लगा लेते थे। मुलतानी मिट्टी का लेप विभिन्न प्रकार के कीटाणुओं को शरीर की त्वचा के पास पहुंचने नहीं देता। प्रकृति ने हमें जो भी चीज दी है, वह हमारे लिए फायदेमन्द ही है। अगर वैज्ञानिक ढंग से भी अगर हम सोचें-विचारें तो हम पाते हैं कि हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के बारे में अधिक जानकारी हासिल कर ली थी। तभी वे प्रकृति की दी हुई अच्छी चीजों का प्रयोग किया करते थे। (उर्वशी)

# कब्ज को रखें दूर

ओमप्रकाश वर्मा 'यारा'

कब्ज एक ओर हमारी पाचन शक्ति तो कमजोर करती है वहीं दूसरी ओर आलस्य और अनिद्रा जैसे रोगों को भी आमंत्रित करती है। इसलिए कब्ज को रखें दूर और जिएं भरपूर।

- ❋ सुबह जल्दी उठें और ठण्डा पानी पीकर शौच जाएं।
- ❋ प्रातः काल का घूमना लाभप्रद रहता है इसलिए प्रातः काल घूमें तथा ठण्डी हवा का सेवन करें ।
- ❋ बेहतर होगा कि रात को ताम्बे के बर्तन में रखा पानी पिएं। इससे कब्ज शर्तिया दूर होती है।
- ❋ कब्ज में अधिकांश लोग 'जुलाब' की दवाइयों का सेवन करते हैं। यह कब्ज को तो ठीक कर देता है लेकिन शरीर में वात दोष बढ़ा देता है। इसलिए 'जुलाब' की दवाइयों के सेवन से बचें।
- ❋ बेहतर होगा कि चोकरयुक्त आटे की बनी रोटी खाएं। मैदे से बने पदार्थों को खाने से बचें।
- ❋ रेशेवाले खाद्य पदार्थ खाएं। पनीर, बिस्कुट, केक, ब्रेड, साफ्ट ड्रिंक व अण्डे से बचें।
- ❋ हरी पत्तेदार सब्जियों तथा छाछ दही का अधिक से अधिक प्रयोग करें। तले पदार्थों से परहेज करें ।
- ❋ रात को सोने से कुछ समय पहले गुनगुना व पतला दूध पिएं। भैंस का गाढ़ा दूध कब्ज बढ़ाता है।
- ❋ किशमिश-मुनक्का तथा अंजीर कब्ज की रामबाण औषधि है अतः रात को किसी मिट्टी के बर्तन में किशमिश व अंजीर के दाने भिगोकर सुबह चबा-चबा कर खाएं। इससे आँतों की बखूबी सफाई होगी।
- ❋ समय पर खाना खाएं। दिन भर मुंह न हिलाते रहें। इस से आंतों को ज्यादा कार्य करना पड़ता है। फलस्वरूप खाना ठीक प्रकार से नहीं पचता।
- ❋ बीड़ी सिगरेट, गुटखे, चाय-काफी आदि का सेवन कम से कम करें। भरपूर सलाद खाएं। (स्वा.द.)

# अच्छी सेहत का राज हैं नाखून

नीतू गुप्ता



साफ-सुथरे, कटे हुए शेप वाले नाखून सभी का मन मोह लेते हैं। नाखूनों की साज संवार दर्शाती है कि आप कितने जागरूक हैं अपनी सफाई और सुन्दरता के प्रति। वैसे यही नाखून आपके स्वास्थ्य पर अच्छा व बुरा प्रभाव डालते हैं।

खाना बनाने से लेकर खाना खाने तक नाखून महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि आपके नाखूनों में गंद भरा हुआ है तो वह आपके भोजन के साथ अंदर जायेगा जिससे स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ सकता है। पेट में संक्रमण हो सकता है। यदि आप नाखूनों की सही देखभाल करेंगे तो भोजन के साथ गंदे कीटाणु अंदर नहीं जायेंगे जिससे आपका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा और हाथ भी देखने में सुन्दर लगेंगे जिससे आपके व्यक्तित्व में और निखार आएगा। बढ़े हुए नाखून गंदे भी लगते हैं और मैल जमा होने से बीमारी पनपने में सहायक भी होते हैं।

- ◆ नाखूनों को अधिक न बढ़ने दें। समय समय पर उन्हें काटते रहें। नाखून काटने के बाद फाइल अवश्य करें ताकि नाखून का कोई कोना चुभे नहीं।
- ◆ नाखून काटने के उपरांत उंगलियों को थोड़ी देर के लिए गर्म पानी में रखें ताकि नाखूनों के आस पास की मृत त्वचा नर्म पड़ जाए जिसे बाद में ब्रश की सहायता से निकाला जा सके। यदि मृत त्वचा को न निकाला जाए तो नाखूनों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं और उनमें इन्फेक्शन हो जाता है और मवाद पड़ सकता है।
- ◆ गंदे नाखूनों में फंगस होने का खतरा बढ़ जाता है जिससे नाखून जल्दी टूटते हैं और नए नाखून टेढ़े मेढ़े आते हैं। फंगस इन्फेक्शन होने पर डॉक्टर को दिखा कर समय पर ही इलाज करवायें।
- ◆ नाखूनों की अच्छी सेहत के लिए अपना खाना पीना संतुलित रखें। संतुलित आहार में कैल्शियम और विटामिन बी 12 को महत्त्वपूर्ण स्थान दें। दूध-दही को अपने प्रतिदिन के आहार में शामिल करें।
- ◆ दांतों से नाखूनों को कभी मत कुतरें। एक तो यह गंदी आदत है, दूसरा इससे शरीर में बीमारी फैलने में सहायता मिलती है।
- ◆ बढ़े हुए गंदे नाखूनों से पेट दर्द, बदहजमी और गैस की शिकायत हो सकती है।
- ◆ भोजन बनाने और खाने से पूर्व अच्छी तरह हाथों को धो लें।

खाना खाते समय ध्यान दें कि खाना हाथों से न खा कर चम्मच की सहायता से खाएं।

- ◆ खाना खाते समय उंगलियां न चाटें।
- ◆ खाना खाने के बाद भी हाथों को अच्छी तरह से धोएं। (स्वा.द.)

# महिलाओं में नशाखोरी की आदत

उषा जैन 'शीरीं'

महिलाओं में नशाखोरी की आदत देखी जाए तो एक आधुनिक बीमारी है। अब तक केवल पुरूष ही इसकी लत से ग्रस्त माने जाते रहे हैं लेकिन बराबरी का दावा स्त्रियों से जो न कराये, थोड़ा है। बड़े शहरों में महिलाओं में यह बीमारी तेजी से बढ़ रही है। नशाखोरी को आधुनिकता का सिंबल माना जाने लगा है।

यह सच है कि वर्जित फल चखने का अपना ही आनंद होता है। शायद इसीलिए वर्जनाओं और निषेधों को तोड़ते हुए नारी फख्र महसूस करते हुए असीम आनंद उठाती है। आजकल की कामकाजी, आत्मनिर्भर व अकेली या बगैर विवाह किये ब्वॉय फ्रैंड के साथ रहने वाली कई स्त्रियां पहले तनाव और परेशानियां दूर करने के लिए या महज ब्वॉय फ्रैंड का साथ देने के लिये पीना शुरू करती हैं।

धीरे-धीरे यह उनकी आदत बन जाती है और तब वे शराब नहीं बल्कि शराब उन्हें पीने लगती है। अकेले रहने या सामाजिक बंधनों को तोड़कर रहने के कारण वे परिवार और रिश्तेदारों से अक्सर कट कर रहती हैं। ऐसे में उन पर न नियंत्राण होता है न किसी का डर। वे इस आत्मघाती प्रवृत्ति की दास बन जाती हैं।

एक सुखी परिवार की संस्कारगत महिला कभी नशा करने की बात नहीं सोचेगी। ये परिस्थितियां और विलपावर की कमी ही है जो उन्हें नशे के गर्त में ढकेल देती हैं। घर में बच्चे हों, बुजुर्ग हों तो महिला उनकी देखरेख में व्यस्त रहती है। उनसे हंस बोल कर वक्त किधर गुजरता है, पता नहीं चलता।

जब आर्थिक तंगी न हो, बच्चे बड़े होकर अपनी जिन्दगी से उन्हें निकाल दें, पति महोदय पैसा कमाऊ मशीन बनकर रह जायें, घर में कोई कहने सुनने वाला न हो, ऐसे में अकेलापन और बोरियत दूर करने के लिये या कोई गम गलत करने,



अवसाद से बचने के लिये भी कोई महिला नशे की ओर आकृष्ट हो सकती है।

स्त्री की शारीरिक संरचना के कारण शराब उसके लिये ज्यादा नुकसानदेह हो सकती है। उसके होने वाले बच्चे पर इसका दुष्प्रभाव पड़ सकता है। कई बार अपनी इस कमजोरी को अपराध समझ वह अपराध बोझ से ग्रस्त रहने लगती है। वह एक नॉर्मल जिन्दगी इसीलिए नहीं गुजार पाती। उसके नशे से मुक्ति पाने के रास्ते भी इसीलिये बंद हो जाते हैं कि अपनी जिन्दगी के इस शर्मनाक वाकये को उजागर करने में वह झिझकती है।

जब वह अपने को बोल्ड समझकर शराब पीना शुरू करती है तो इसके इलाज में झिझक कैसी। यह एक अजब विरोधाभास है। शराब की लत न पाप है न अपराध। इसे बीमारी ही समझा जाए और अन्य मानसिक रोगों की तरह बेझिझक होकर ही स्त्रियां इसके इलाज लिए मनःचिकित्सक से परामर्श लें।

अपनी विल पावर बढ़ायें। अपना अच्छा बुरा सोचे समझें। जीवन में आनंद प्राप्ति के और भी बहुत से स्वस्थ साधन हैं। अपने अनमोल जीवन को यूं तिल-तिल बर्बाद न करें। जीवंतता से जिया गया जीवन, जीवन होता है। शराब के नशे में दुनियां को भुलाना मौत के समान है। (स्वा.द.)

## अदालत ने समन मामलों में बरी किए जाने के खिलाफ ईडी की याचिका पर केजरीवाल को नया नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को ईडी की उन याचिकाओं पर नया नोटिस जारी किया जिनमें आबकारी नीति मामले में समन जारी होने के बावजूद एजेंसी के समक्ष पेश न होने के कारण दर्ज दो अलग-अलग मामलों में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने उल्लेख किया कि रजिस्ट्री के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री को जारी किया गया पिछला नोटिस तामील नहीं हुआ था। जांच एजेंसी के वकील ने कहा कि केजरीवाल को एक अप्रैल को नोटिस जारी किया गया था लेकिन उनकी ओर से कोई भी पेश नहीं हुआ है। न्यायाधीश ने कहा, ''रजिस्ट्री की रिपोर्ट है कि उन्हें नोटिस तामील नहीं हुआ है। मैं नया नोटिस जारी करूंगी। प्रतिवादी को नोटिस तामील नहीं हुआ है। इसके बाद उन्होंने मामले की सुनवाई 22 जुलाई के लिए निर्धारित कर दी।

## सामाजिक न्याय मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2026 में शिक्षा योजनाओं पर 2,042 करोड़ रुपये खर्च किए

**नयी दिल्ली :** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 में ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी वर्ग के छात्रों के लिए विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं पर 2,042.08 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की है। केंद्रीय मंत्री विरेंद्र कुमार ने कहा कि इन पहलों का उद्देश्य इन वर्गों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक बेहतर पहुंच प्रदान करना और उनकी शैक्षणिक प्रगति को समर्थन देना है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी) और विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जनजातियों (डीएनटी) के छात्रों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है।

## बाली में एयर इंडिया के पायलट की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**नयी दिल्ली :** एयर इंडिया के एक पायलट की बुधवार को इंडोनेशिया के बाली में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पायलट वहां विश्राम अवकाश पर थे। एयरलाइन के एक अधिकारी के अनुसार, लगभग 40 वर्षीय यह 'फर्स्ट ऑफिसर' मंगलवार को दिल्ली से बाली की उड़ान परिचालित कर वहां पहुंचे थे। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि फर्स्ट ऑफिसर बाली में चालक दल के निर्धारित विश्राम पर थे, तभी उन्होंने अपने होटल में काफी बेचैनी और अस्वस्थता की शिकायत की। प्रवक्ता ने कहा, उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां पता चला कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा है। चिकित्सा दल के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

## आप सांसदों का भाजपा में शामिल होने का मामला, मान ने कहा-पांच मई को राष्ट्रपति से मिलेंगे

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के मुद्दे पर वह पांच मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। मान ने इससे पहले भाजपा में शामिल हुए आप के राज्यसभा सदस्यों को ''वापस बुलाने'' की मांग को लेकर पार्टी विधायकों के साथ राष्ट्रपति से मुलाकात का समय देने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''राष्ट्रपति ने पांच मई को दोपहर 12 बजे (बैठक के लिए) का समय दिया है और मैं निश्चित रूप से उनसे मिलूंगा।'' मान से जब पूछा गया कि क्या कानून में किसी सांसद को वापस बुलाने का कोई प्रावधान है, तो उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति से इस बारे में बात करेंगे।

## मिजोरम : हमार उग्रवादी समूह के 43 सदस्य बृहस्पतिवार को आत्मसमर्पण करेंगे

**आइजोल :** मिजोरम में हमार पीपुल्स कन्वेंशन-डेमोक्रेटिक (एच-पीसी-डी) के लालमिंगथांगा सनाते नीत गुट के 43 सदस्य बृहस्पतिवार को आत्मसमर्पण करेंगे। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा और गृह मंत्री के सपडांगा आइजोल से लगभग 40 किलोमीटर दूर सेसावंग स्थित पुलिस केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित उस कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें एचपीसी-डी के सनाते गुट के 43 सदस्य आत्मसमर्पण करेंगे।

# शबरिमला मामला: न्यायालय ने कहा, सुधार के नाम पर किसी धर्म को नष्ट नहीं कर सकते

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शबरिमला मंदिर समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान कहा कि सुधार के नाम पर किसी धर्म को नष्ट नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि आस्था और अंतरात्मा की आवाज से जुड़े मामलों को न्यायिक बहस का विषय नहीं बनाया जा सकता।प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि कई परंपराएं समय के साथ स्थापित होकर धर्म का अभिन्न हिस्सा बन जाती हैं। अदालत ने सवाल उठाया कि क्या समानता के सिद्धांत को लागू करते हुए किसी धर्म की मूल



धार्मिक प्रथाओं को पूरी तरह नकारा जा सकता है।पीठ ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का भी उल्लेख किया और पूछा कि यदि राज्य इस दिशा में कानून बनाने में विफल रहता है तो क्या न्यायपालिका स्वयं ऐसा कदम उठा सकती है। न्यायमूर्ति बीवी ना-गरत्ना ने कहा कि जब समाज तैयार होगा, तब संसद इस विषय पर निर्णय लेगी।महिलाओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दलील दी कि संविधान के अनुच्छेद 25(1) के तहत व्यक्तियों को मिली धार्मिक स्वतंत्रता संप्रदायों के अधिकारों पर हावी होगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई धार्मिक प्रथा महिलाओं के अधिकारों का हनन करती है तो उसका परीक्षण होना चाहिए।इस पर न्यायमूर्ति ना-गरत्ना ने कहा, सुधार के नाम पर धर्म को खोखला मत कीजिए। सदियों से चली आ रही परंपराओं और अनुष्ठानों पर बहस धर्म को नष्ट करने जैसी होगी। उन्होंने कहा कि अंतरात्मा की आवाज और आस्था के मामलों को धर्मनिरपेक्ष अदालतों में नहीं परखा जा सकता। न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने भी कहा कि कई परंपराएं समय के साथ विकसित होकर धर्म का मूल हिस्सा बन जाती हैं और इतिहास को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।पीठ ने यह भी पूछा कि मंदिर में प्रवेश का अधिकार मांगने वाला व्यक्ति श्रद्धालु है या नहीं, यह भी विचारणीय प्रश्न है। अदालत ने उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तर भारत का कोई नास्तिक व्यक्ति शबरिमला मंदिर में प्रवेश का दावा कैसे कर सकता है।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के शबरिमला मंदिर प्रवेश पर लगी रोक को असंवैधानिक बताते हुए हटा दिया था। अब इस मुद्दे पर व्यापक संवैधानिक प्रश्नों की सुनवाई जारी है।

# एग्जिट पोल: असम में भाजपा, केरल में यूडीएफ और तमिलनाडु में द्रमुक को बढ़त के संकेत

**नई दिल्ली :** चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद जारी अधिकतर एग्जिट पोल में असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन की लगातार तीसरी जीत की संभावना जताई गई है। वहीं केरल में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन की वापसी के संकेत मिले हैं।असम को लेकर लगभग सभी सर्वेक्षणों में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बहुमत मिलता दिखाया गया है। 'एक्सिस माय इंडिया' के अनुसार राजग को 88 से 100 सीटें मिल सकती हैं, जबकि कांग्रेस नीत गठबंधन को 24 से 36 सीटें मिलने का अनुमान है। 'मैट्रिज' ने भी राजग को 85 से 95



सीटें दी हैं। असम विधानसभा में कुल 126 सीटें हैं। केरल में अधिकतर एग्जिट पोल ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की विदाई और यूडीएफ की वापसी का अनुमान जताया है। 'एक्सिस माय इंडिया' ने यूडीएफ को 78 से 90 सीटें और एलडीएफ को 49 से 62 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। 'पीपुल्स पल्स' ने भी यूडीएफ को बहुमत मिलने की संभावना जताई है।तमिलनाडु में अधिकतर सर्वेक्षणों ने द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत का अनुमान जताया है। 'पीपुल्स पल्स' के मुताबिक द्रमुक गठबंधन को 125 से 145 सीटें मिल सकती हैं। वहीं राजग को 65 से 80 सीटें मिलने का अनुमान है। अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) को भी कुछ सीटें मिलने की संभावना जताई गई है।पुडुचेरी में भी अधिकतर एग्जिट पोल ने ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआर-सी) की अगुवाई वाले राजग गठबंधन को बहुमत के करीब बताया है। 'एक्सिस माय इंडिया' ने राजग को 16 से 20 सीटें और कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन को छह से आठ सीटें मिलने का अनुमान जताया है।चुनाव परिणामों की घोषणा निर्धारित तिथि पर की जाएगी।

## पुरुष सहकर्मियों के धर्मांतरण मामले में टीसीएस के चार कर्मचारियों की पुलिस हिरासत बढ़ाई गई

**नासिक :** नासिक की एक अदालत ने पुरुष सहकर्मियों के कथित धर्म परिवर्तन के मामले में टीसीएस के चार कर्मचारियों की पुलिस हिरासत बुधवार को दो मई तक बढ़ा दी, ताकि जांचकर्ता धन के लेन-देन और संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जांच कर सकें। आरोपी रजा रफीक मेमन (35), तौसीफ बिलाल अत्तार (37), दानिश एजाज शेख (32) और शाहरुख हुसैन शौकत कुरैशी (34) पर अग्रणी वैश्विक आईटी सेवा, परामर्श कंपनी की स्थानीय इकाई में कुछ महिला सहकर्मियों के यौन उत्पीड़न का भी आरोप है। उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 75 (यौन उत्पीड़न), 79 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का इरादा), 299 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य) और 302 (किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर आहत करने का इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने 23 अप्रैल को नासिक रोड केंद्रीय जेल से उन्हें हिरासत में लिया था ताकि उनके पुरुष सहकर्मी के धर्म परिवर्तन में उनकी कथित भूमिका की जांच की जा सके। मुंबई नाका पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। 24 अप्रैल को अदालत ने उन्हें 29 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन पक्ष द्वारा धन के लेन-देन और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जांच की आवश्यकता पर जोर देने के बाद, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उनकी पुलिस हिरासत दो मई तक बढ़ा दी।

## व्यापार और कर विभाग में नए 87 अधिकारियों को लॉटरी प्रणाली से तैनाती दी गई: रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को बताया कि व्यापार एवं कर विभाग में 87 वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों की तैनाती लॉटरी प्रणाली से की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, सेवा विभाग ने 23 अप्रैल को एक आदेश के तहत विभिन्न अधिकारियों को स्थानांतरित किया था और इसके बाद लॉटरी प्रणाली से कुल 87 जीएसटी अधिकारी एवं निरीक्षकों को तैनाती दी गई है। इस महीने के शुरू में गुप्ता ने व्यापार एवं कर विभाग का औचक निरीक्षण किया था और कई अधिकारियों को ड्यूटी से गैरहाजिर पाया था। इसके बाद लगभग 162 अधिकारियों का तबादला राज्य जीएसटी कार्यालय में



कर दिया गया। गुप्ता ने कहा, दिल्ली सरकार भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर काम कर रही है और यह पहल उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। सरकार का लक्ष्य है कि हर नियुक्ति, तैनाती और प्रशासनिक निर्णय पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नियम-आधारित हो ताकि ईमानदार अधिकारियों को प्रोत्साहन मिले और व्यवस्था में जनता का विश्वास और मजबूत हो। बयान के मुताबिक, यह पूरी प्रक्रिया विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई, जिसमें सभी नए अधिकारी/कर्मचारी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जैसे- आयुक्त, विशेष आयुक्त व संयुक्त आयुक्त उपस्थित थे। यह सुनिश्चित किया गया कि पूरी प्रक्रिया सभी के सामने खुले और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो, जिससे किसी भी प्रकार की शंका या पक्षपात की संभावना न हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि लॉटरी प्रणाली के तहत प्रत्येक अधिकारी ने स्वयं पर्ची निकाली और इसके लिए दो अलग-अलग बॉक्स रखे गए थे, एक बॉक्स में अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम और दूसरे बॉक्स में रिक्त वार्ड का नंबर था।

## भारत-नेपाल कोसी-गंडक परियोजनाओं पर संयुक्त समिति की बैठक 30 अप्रैल से काठमांडू में

**पटना :** बिहार सरकार की पहल पर भारत-नेपाल कोसी एवं गंडक परियोजनाओं से जुड़े द्विपक्षीय मुद्दों के समाधान, बाढ़ सुरक्षा, सिंचाई व्यवस्था और परियोजनाओं के प्रभावी संचालन को लेकर संयुक्त समिति (जेसीकेजीपी) की 11वीं बैठक 30 अप्रैल और एक मई को काठमांडू में आयोजित होगी। राज्य के जल संसाधन विभाग की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, भारत और नेपाल से होकर बहने वाली नदियों पर बाढ़ पूर्वानुमान गतिविधियों को लेकर एक संयुक्त बैठक भी एक मई को काठमांडू में होगी। विभाग ने बताया कि इन बैठकों में दोनों देशों के प्रतिनिधि तकनीकी, प्रशासनिक और वित्तीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। बयान के अनुसार कोसी परियोजना के तहत परियोजना क्षेत्र की सुरक्षा, अवसंरचना के रखरखाव, निर्माण सामग्री पर स्थानीय कर, कोसी बैराज के दोनों ओर तटबंधों के कटाव, पश्चिमी मुख्य नहर के गेट संचालन, नेपाल क्षेत्र में सेवा पथों के रखरखाव, अतिक्रमण हटाने, परियोजना कर्मियों की सुरक्षा तथा कोशी टप्पू वन्यजीव क्षेत्र से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। गंडक परियोजना से जुड़े मुद्दों में अधिग्रहित भूमि पर अनधिकृत कब्जा, जल निकासी अवरोध के कारण कृषि भूमि में जलजमाव, नहरों में निर्धारित जलस्तर और डिस्चार्ज बनाए रखना, बाढ़ सुरक्षा, कटाव निरोधक कार्य, सेवा पथों का अनुरक्षण तथा सिल्टयुक्त जल प्रवाह नियंत्रण शामिल हैं।

## गुजरात के साबरकांठा में बस की वैन से टक्कर होने के बाद छह महिलाओं की मौत, आठ लोग घायल

**साबरकांठा (गुजरात) :** गुजरात के साबरकांठा जिले में एक राजमार्ग पर बुधवार को एक निजी बस द्वारा एक वैन को टक्कर मारने के बाद छह महिलाओं की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) ए. के. पटेल ने बताया कि वैन अरावली जिले के मोडासा से महिलाओं को ले जा रही थी तभी जिले में शामलाजी को हिम्मतनगर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर एक तेज रफ्तार बस ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, ये महिलाएं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए काम करने वाली 'कैटरिंग टीम'' का हिस्सा थीं, जो पड़ोसी अरावली जिले के मोडासा से हिम्मतनगर के हुंज गांव में एक समारोह में शामिल होने जा रही थीं। पटेल ने बताया कि वैन सवार छह महिला यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, इस घटना में छह अन्य महिलाएं, एक पुरुष और वैन चालक घायल हो गए। घायलों को तुरंत हिम्मतनगर सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. ध्रुपद चौहान ने बताया कि उनमें से दो लोगों की हालत गंभीर है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।

## जम्मू- श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को मंत्री वैष्णव हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**श्रीनगर :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जम्मू और श्रीनगर के बीच

## असम चुनाव: चार मई को मतगणना के लिए लगभग 8,500 अधिकारियों को तैनात किया जाएगा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग गोयल ने बुधवार को बताया कि असम विधानसभा के 126 क्षेत्रों के लिए चार मई को मतगणना हेतु लगभग 8,500 अधिकारी तैनात किए जाएंगे। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग मतगणना प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। गोयल ने कहा, असम के 35 जिलों में 40 मतगणना केंद्र होंगे। अधिकतर जिलों में एक ही केंद्र होगा जिसमें उनके अधिकार क्षेत्र के सभी निर्वाचन क्षेत्र शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कोकराझार, तिनसुकिया और जोरहाट में दो-दो मतगणना केंद्र होंगे, जबकि नगांव में तीन मतगणना केंद्र होंगे। गोयल ने कहा, निर्वाचन आयोग ने 126 मतगणना पर्यवेक्षकों को तैनात किया है, जो भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हैं और प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए राज्य के बाहर से आएंगे। हमारे पास 2,348 सूक्ष्म पर्यवेक्षक भी होंगे, जो केंद्र सरकार के कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य मतगणना कार्य के लिए कुल 5,981 लोगों को मतगणना अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा, जिनमें से अधिकांश राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। असम के 251 करोड़ मतदाताओं में से रिकॉर्ड 85.96 प्रतिशत ने नौ अप्रैल को 126 सीटों पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह राज्य के इतिहास में सबसे अधिक मतदान था, जिसने 2016 में दर्ज किए गए 84.67 प्रतिशत के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में गोयल ने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 25 कंपनियों को राज्य भर में तैनात किया गया है ताकि 'स्ट्रांग रूम' की सुरक्षा की जा सके और वे मतगणना केंद्रों पर भी तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा, इसके अलावा, हमने स्ट्रांग रूम के बाहर दूसरे घेरे के रूप में राज्य सशस्त्र पुलिस की 13 कंपनियों को तैनात किया है। हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगी है। उन्होंने कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा 'स्ट्रांग रूम' में सुरक्षा चूक के आरोपों का खंडन किया। मतगणना के दिन, ईवीएम को स्ट्रांग रूम से मतगणना केंद्रों तक ले जाने के लिए 800 अतिरिक्त निहत्थे पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

## देश में हरित बॉन्ड से बना पहला सौर ऊर्जा संयंत्र शुरू, बिजली बिल और कार्बन उत्सर्जन घटेगा

**इंदौर :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर नगर निगम (आईएमसी) के 60 मेगावॉट के सौर ऊर्जा संयंत्र का बुधवार को उद्घाटन किया और कहा कि देश में हरित बॉन्ड के बूते तैयार अपनी तरह की पहली नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना अन्य शहरी निकायों को भी प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने खरगोन जिले में करीब 211 एकड़ में फैली इस परियोजना की औपचारिक शुरुआत की। परियोजना के लिए मुख्य रूप से बंजर भूमि का उपयोग किया गया है। यादव ने उद्घाटन समारोह में कहा, ''एक ओर इस परियोजना से आईएमसी के बिजली के बिल में बड़ी कटौती होगी, तो दूसरी ओर कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। इससे पर्यावरण को फायदा होगा।'' उन्होंने कहा कि यह अनूठी परियोजना देश के अन्य शहरी निकायों को भी प्रेरित करेगी। अधिकारियों ने बताया कि 271.16 करोड़ रुपये की लागत वाली सौर ऊर्जा परियोजना के लिए आईएमसी ने सार्वजनिक निर्गम (पब्लिक इश्यू) के रूप में जारी हरित बॉन्ड के जरिये 244 करोड़ रुपये की रकम जुटाई है और यह जन भागीदारी मॉडल के वित्तपोषण से बनी देश की पहली नवीकरणीय ऊर्जा इकाई है। मुख्यमंत्री ने कहा,''इस परियोजना में निवेश के लिए देश के 28 राज्यों के लोगों ने दिलचस्पी दिखाई। यह परियोजना जन भागीदारी का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 20 साल की अवधि वाली सौर ऊर्जा परियोजना के संचालन से आईएमसी को कार्बन क्रेडिट के जरिये 18 करोड़ रुपये से ज्यादा की आय होगी। अधिकारियों ने बताया कि नर्मदा नदी के पानी को खर-गोन जिले के जलूद से 80 किलोमीटर दूर इंदौर लाकर घर-घर पहुंचाने के लिए आईएमसी को हर महीने करीब 25 करोड़ रुपये का बिजली बिल भरना पड़ता है।

## अंतरराष्ट्रीय हथियार गिरोह का भंडाफोड़; नौ गिरफ्तार, 23 हथियार जब्त



**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने उत्तर भारत में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने 23 अत्याधुनिक हथियार और 92 कारतूस जब्त किए। उन्होंने कहा कि यह गिरोह पूरे उत्तर भारत में सक्रिय था और सीमा पार से हथियार प्राप्त करता था। इसका संचालन राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के मामले में पेरौल लेकर फरार हुआ भगोड़ा अपराधी शाहबाज अंसारी और उसका चाचा रेहान अंसारी कर रहा था। रेहान भी भगोड़ा अपराधी है। पुलिस ने पिछले पखवाड़े में दिल्ली और उत्तर प्रदेश में समन्वित अभियानों चलाए जिसके तहत गिरफ्तारियां और जब्ती हुई। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह ने विदेशी निर्मित हथियार हासिल किए, जिन्हें कथित तौर पर नेपाल सीमा के रास्ते भारत में लाया गया और उनकी दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश में आपराधिक नेटवर्क को आपूर्ति की गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, नेटवर्क में एक सुव्यवस्थित पदानुक्रम था और आरोपियों ने पुलिस से पकड़े जाने से बचने के लिए 'एन्क्रिप्टेड संचार' मंचों का इस्तेमाल किया। यह कार्रवाई 14 अप्रैल को उस्मानपुर से फरदीन (22) की गिरफ्तारी के साथ शुरू हुई, जिसके पास से पुलिस ने एक अर्धस्वचालित पिस्तौल और कारतूस बरामद किए।

## कंकाल प्रकरण: बीजद ने आदिवासी व्यक्ति के साथ कई बार क्रूरता किये जाने का किया दावा

**भुवनेश्वर/क्योंझर :** ओडिशा के क्योंझर जिले में एक व्यक्ति द्वारा पैसे निकालने के वास्ते अपनी बहन का कंकाल बैंक में ले जाकर उसकी मृत्यु के प्रमाण के तौर पर पेश किये की घटना की प्रशासनिक जांच से पहले विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) ने बुधवार को आरोप लगाया कि जीतू मुंडा को अवशेषों को दोबारा दफनाने के लिए गांव के कब्रिस्तान तक तीन किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर किया गया। घासीपुरा के विधायक और पूर्व मंत्री बद्री नारायण पात्रा ने यह आरोप लगाया। उससे पहले उन्होंने आज सुबह क्योंझर जिले के पटाना प्रखंड के डियानाली गांव का दौरा किया और मुंडा (50) से उनके आवास पर मुलाकात की। पात्रा ने बीजद के तथ्यान्वेषी दल का नेतृत्व किया, जिसने आदिवासी व्यक्ति मुंडा के साथ की गयी 'क्रूरता' पर चिंता व्यक्त की। पात्रा ने पत्रकारों को बताया, ऐसे कई उदाहरण हैं जहां मुंडा को बैंक और स्थानीय प्रशासन के अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ा। वह 27 अप्रैल को अपनी बहन का कंकाल बैंक में ले गये थे, उससे पहले भी जब वह (बहन) बीमार थी, तब उन्होंने अधिकारियों से उसके खाते से पैसे निकालने का अनुरोध किया था। बैंक अधिकारियों ने सहयोग नहीं किया। परिवार ने मवेशी बेचकर 19,300 रुपये जमा किए थे। मुंडा को कथित तौर पर अपनी बीमार बहन को बैंक लाने के लिए कहा गया था।

# एनसीबी मादक पदार्थ तस्कर सलीम डोला को दिल्ली से मुंबई लेकर आई

**मुंबई :** भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी एवं कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को बुधवार शाम स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा दिल्ली से मुंबई लाया गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''एनसीबी अधिकारियों की एक टीम सलीम डोला को दिल्ली से मुंबई लेकर आई। वे शाम को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे।'' उन्होंने बताया कि डोला को बाद में दक्षिण मुंबई स्थित एनसीबी कार्यालय ले जाया गया। अधिकारी के अनुसार, उसे बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किया जाएगा। एनसीबी ने



मंगलवार को डोला को तुर्किये से वापस लाने में सफलता हासिल की और उसे दिल्ली लाया गया। डोला (59) को मार्च 2024 में भारत के अनुरोध पर जारी इंटरपोल रेड नोटिस के आधार पर तुर्किये में गिरफ्तार किया गया था। वह भारत में मादक पदार्थों की तस्करी के कई मामलों में वांछित था और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बच रहा था। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को एनसीबी को डोला को मुंबई ले जाने के लिए दो दिन के ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दी। इंटरपोल रेड नोटिस डेटाबेस के अनुसार, 31 दिसंबर, 1966 को जन्मा डोला हिंदी और मराठी बोलता है और उस पर स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत कई आरोप हैं। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसके दो दशक लंबे आपराधिक इतिहास में महाराष्ट्र और गुजरात में हेरोइन, चरस, मेफेड्रोन, मैंड्रैक्स और मेथम्फेटामाइन की कई खेपों की जब्ती से जुड़े मामलों में उसकी प्रत्यक्ष संलिप्तता शामिल है।

## गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने सभी श्रेणियों में 50 प्रतिशत या इससे अधिक वोट हासिल किए

**गांधीनगर :** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बुधवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, गुजरात में हाल ही में संपन्न स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सभी श्रेणियों में 50 प्रतिशत या इससे अधिक मत हासिल किए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने ये आंकड़े ऐसे वक्त जारी किए हैं जब सत्तारूढ़ पार्टी ने रविवार को हुए चुनावों में 15 नगर निगमों, 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों की कुल 9,986 सीटों पर जीत दर्ज की। इन चुनावों में 4.18 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान करने के पात्र थे। नगर निगमों में भाजपा को 1,19,01,017 वोट मिले, जो वैध वोटों का 59.36 प्रतिशत है। कांग्रेस 26.46 प्रतिशत (53,05,082 वोट) के साथ दूसरे



स्थान पर रही, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) को 10.27 प्रतिशत (20,59,332 वोट) प्राप्त हुए। इन 15 नगर निगमों की कुल 1,044 सीटों में से भाजपा ने 937 सीटें, कांग्रेस ने 95 सीटें जीतीं, जबकि छह सीटें आम आदमी के खाते में गईं। शेष छह सीटें निर्दलीय और छोटे दलों ने जीतीं। इसी प्रकार 84 नगरपालिका चुनावों में भाजपा को 52.51 प्रतिशत मत(33,30,309) प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस को 30.68 प्रतिशत (19,46,075) वोट मिले। निर्दलीय उम्मीदवारों को 9.33 प्रतिशत वोट मिले, जबकि आम आदमी पार्टी को 4.89 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। भाजपा ने 84 नगरपालिकाओं में कुल 2,624 सीटों में से 1,988 सीटें, कांग्रेस ने 459, आम आदमी पार्टी ने 18 सीटें जीतीं, जबकि 14 सीटें एआईएमआईएम को मिलीं और शेष सीटें निर्दलीय और अन्य पार्टियों ने जीतीं। ग्रामीण स्थानीय निकायों में भी भाजपा ने बढ़त हासिल की और 34 में से 33 जिला पंचायतों में जीत दर्ज की। जिला पंचायतों में भाजपा को 52.23 प्रतिशत वोट (89,71,028) मिले, जबकि कांग्रेस को 33.7 प्रतिशत वोट (57,87,715) प्राप्त हुए। आम आदमी पार्टी 21,29,930 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रही, जो 12.4 प्रतिशत मत प्रतिशत के बराबर है।

## एआई सम्मेलन में युवा कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर पांच हजार पन्नों का आरोप पत्र दाखिल

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने भारत मंडपम में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में फरवरी में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों के 'शर्टसलेस' विरोध प्रदर्शन को लेकर यहां एक अदालत में पांच हजार पन्नों का आरोप पत्र दायर किया और प्रदर्शन के पीछे कथित तौर पर एक महीने तक चली तैयारी का विस्तृत विवरण दिया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अपराध शाखा द्वारा दाखिल आर-ोपपत्र के अनुसार, भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के अध्यक्ष उदय भानु चिब और पदाधिकारी मनीष शर्मा सहित 18 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जबकि इसमें लगभग 130 गवाहों को सूचीबद्ध किया गया है।

## जामिया के कुलपति मजहर आसिफ के बयान 'सभी भारतीयों में महादेव का डीएनए है' पर विवाद

**नयी दिल्ली :** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति मजहर आसिफ का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर विवादों में घिर गया है। यह वीडियो मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा आयोजित युवा कुंभ कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर आसिफ के बयान से जुड़ा है जिसमें उन्होंने कहा था कि ''सभी भारतीयों में भगवान महादेव का डीएनए है।'' इस कथित वीडियो को 'पीटीआई' स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं कर सका है। इस कथित वीडियो में, कुलपति ने कहा, ''यहां बैठे सभी लोगों को देखकर मुझे नहीं लगता कि सभी की मातृभाषा, परवरिश या संस्कृति एक जैसी है। भौगोलिक दृष्टि से, और मैं यह बात भौगोलिक संदर्भ में कह



रहा हूं, हो सकता है कि वे एक ही क्षेत्र से भी न हों। उनके धर्म भी भिन्न हो सकते हैं। उन्होंने कहा, ''इन सब के बावजूद, हम भारतीय ही हैं। हम भारतीय हैं क्योंकि हमारे डीएनए में महादेव का डीएनए है।'' वीडियो क्लिप में दिखाई दे रहा है कि इस टिप्पणी के बाद सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पीटीआई ने कुलपति और विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क करने के कई प्रयास किए लेकिन उसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। यह बयान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जामिया में आयोजित 'युवा कुंभ' कार्यक्रम के दौरान दिया गया। एक दिन पहले, छात्रों ने आरएसएस के कार्यक्रम के लिए जामिया प्रशासन की ओर से अनुमति दिए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया था। यह वीडियो अब विभिन्न सोशल मीडिया मंच पर व्यापक रूप से साझा किया जा रहा है और इसकी आलोचना की जा रही है।

### रुपया 14 पैसे टूटकर 94.82 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 14 पैसे टूटकर 94.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह अब तक के अपने सबसे निचले स्तर के करीब है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से रुपये पर दबाव बना हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चा तेल लगभग 115 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है, जिससे भारत के आयात खर्च पर असर पड़ने की आशंका है। साथ ही, पश्चिम एशिया में जारी संकट और इससे व्यापक संघर्ष में बदलने की आशंकाओं ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है।

### फेडरल बैंक का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत बढ़कर 1,341 करोड़ रुपये पर

**मुंबई:** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 22 प्रतिशत बढ़कर 1,341 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,091 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। फेडरल बैंक ने बताया कि उसे आयकर रिफंड पर ब्याज के रूप में 456 करोड़ रुपये का एकमुश्त लाभ मिला है। लेकिन इस पूरी रकम को उसने अलग प्रावधान मद में रख दिया है, ताकि जब नई रूपरेखा लागू हो और भविष्य में अतिरिक्त प्रावधान करने की जरूरत पड़े, तो उसका उपयोग किया जा सके।

### निष्क्रिय पीएफ खातों को दोबारा चालू करने के लिए 'ई-प्राप्ति' पोर्टल शुरू होगा

**नयी दिल्ली:** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) जल्द ही एक वेब पोर्टल 'ई-प्राप्ति' शुरू करेगा, जिससे सदस्य अपने पुराने एवं निष्क्रिय भविष्य निधि (पीएफ) खातों की निगरानी के साथ सक्रिय कर सकेंगे। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल 'आधार' पहचान पर आधारित सत्यापन प्रणाली के जरिए काम करेगा। इस पोर्टल के जरिये ऐसे पुराने ईपीएफ खाते तक भी पहुंच बनाई जा सकेगी जो यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) से जुड़े हुए नहीं हैं। इन खातों के यूएएन से जुड़ने और सक्रिय होने के बाद सदस्य अपनी प्रोफाइल को भी अद्यतन कर सकेंगे। ईपीएफओ ने वर्ष 2014 से प्रत्येक अंशधारक को 12 अंकों का विशिष्ट नंबर यूएएन देना शुरू किया था। नए पोर्टल 'ई-प्राप्ति' का पूरा नाम 'एम्प्लॉई प्रॉविडेंट फंड आधार-बेस्ड एक्सेस पोर्टल फॉर ट्रैकिंग इनऑपरेटिव अकाउंट्स' है।

# प्राकृतिक आपदा में बैंक कर्जदारों को खुद दे सकेंगे राहत, आरबीआई ने दी मंजूरी

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत उपायों पर संशोधित दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बैंक अब उधारकर्ताओं के अनुरोध का इंतजार किए बिना ही उन्हें राहत दे सकेंगे। नए नियम एक जुलाई, 2026 से लागू हो जाएंगे। केंद्रीय बैंक ने अपने निर्देश में कहा है कि कर्जदाताओं को सभी पात्र उधारकर्ताओं को अपने स्तर पर ही राहत देने की अनुमति होगी। हालांकि ग्राहक चाहें तो प्राकृतिक आपदा घोषित होने के 135 दिनों के भीतर इससे बाहर निकल सकते हैं। नए दिशा-निर्देश वाणिज्यिक बैंकों, लघु वित्त बैंकों, सहकारी बैंकों, एनबीएफसी और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों पर लागू होंगे। आरबीआई के मुताबिक, आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बैंक अस्थायी परिसरों से शाखाएं चला सकेंगे




और सैटेलाइट ऑफिस, एक्सटेंशन काउंटर या मोबाइल बैंकिंग के जरिए सेवाएं बहाल कर सकेंगे। एटीएम सेवाओं को जल्द चालू करने और नकदी जरूरतों के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैंक अपने विवेक से एक वर्ष तक शुल्क और अन्य मदों में छूट या कटौती कर सकते हैं। राहत केवल उन खातों को मिलेगी जो 'स्टैंडर्ड' श्रेणी में हैं और आपदा के समय 30 दिन से अधिक बकाया में नहीं थे। आरबीआई ने यह भी कहा, अगर आपदा के बाद कोई खाता गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) हो जाता है, तो समाधान योजना लागू होने पर उसे फिर से 'स्टैंडर्ड' श्रेणी में अद्यतन किया जा सकेगा। साथ ही, बैंकों को ऐसे खातों पर बकाया कर्ज का अतिरिक्त पांच प्रतिशत प्रावधान करना होगा, जो मौजूदा प्रावधानों के अतिरिक्त होगा। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि यह ढांचा आपदा से प्रभावित एवं किसी तरह के वित्तीय तनाव से मुक्त उधारकर्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है और यह मौजूदा नियमों की तुलना में अधिक लचीला है।

## पश्चिम एशिया संकट से महंगाई का जोखिम बढ़ा, मजबूत घरेलू मांग से मिल रहा सहारा: वित्त मंत्रालय रिपोर्ट

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया संघर्ष से आपूर्ति पक्ष को बड़ा झटका लगने से महंगाई, व्यापार और वित्तीय प्रवाह पर जोखिम बढ़ गया है। हालांकि मजबूत घरेलू मांग, नीतिगत समर्थन, सुदृढ़ वित्तीय प्रणाली और सार्वजनिक निवेश से भारतीय अर्थव्यवस्था को कुछ हद तक सुरक्षा मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही है। अप्रैल महीने की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि ऊर्जा और उर्वरक आपूर्ति को लेकर लंबी अनिश्चितता देश की वृहद आर्थिक स्थिरता की मजबूती की परीक्षा ले सकती है। इसके साथ ही रिपोर्ट में 'अल नीनो' के प्रभाव से इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से कम रहने की आशंका जताई गई है। ऐसा होने से अधिकांश जिलों में औसत से कम बारिश होने का अनुमान है। 'अल नीनो' एक खास जलवायु स्थिति है, जिसमें प्रशांत महासागर का पानी सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है, जिससे भारत में मानसून कमजोर पड़ जाता है। मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है कि इन परिस्थितियों में महंगाई, राजकोषीय घाटा और चालू खाते का घाटा बढ़ने का जोखिम है, जबकि आर्थिक वृद्धि पर दबाव पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत वित्त वर्ष 2026-27 में मजबूत वृद्धि के साथ कदम रख रहा था और वृद्धि दर 7-7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान था लेकिन पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से यह अनुमान प्रभावित हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति पक्ष से जुड़े झटके की चेतावनी देते हुए कहा गया है कि बढ़ती कीमतों और आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार धीमी होने से मांग में कमी भी चिंता का विषय है। इसके साथ कंपनियों द्वारा बढ़ती लागत को उपभोक्ताओं पर डाले जाने से महंगाई भी बढ़ सकती हैं। इसका असर कच्चे माल से अंतिम उत्पाद बनाने वाले प्रसंस्करण और विपणन उद्योगों पर व्यापक रूप से पड़ेगा। इनके पेट्रोलियम क्षेत्र पर निर्भर होने से पूरी अर्थव्यवस्था में ही लागत का दबाव बढ़ सकता है। कृषि जैसे अहम क्षेत्रों में लागत दबाव कम करने के लिए सरकार ने उर्वरक उत्पादन के लिए गैस आवंटन बढ़ाने, सीमा शुल्क में छूट और खरीफ सत्र के लिए पोषक-तत्व आधारित सब्सिडी में करीब 12 प्रतिशत वृद्धि जैसे कदम उठाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम एशिया संकट से निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ है, जिसका असर उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर अधिक पड़ा है। रुपये की कमजोरी भी महंगाई को बढ़ा सकती है क्योंकि इससे आयात महंगे हो जाते हैं। मंत्रालय ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में तेल एवं गैस के आपूर्ति ढांचे को सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं।

## उच्च एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन को बढ़ावा, ई85 और ई100 के लिए नियमों में ढील का प्रस्ताव



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने उच्च एथनॉल मिश्रण और वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग का दायरा बढ़ाने के लिए वाहन उत्सर्जन नियमों में संशोधन का प्रस्ताव किया है। इस कदम से सभी वाहन श्रेणियों में फ्लेक्स-फ्यूल और शुद्ध बायोफ्यूल वाहनों के इस्तेमाल की राह आसान होगी। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में प्रस्तावित संशोधनों के तहत ई85 (पेट्रोल में 85 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण), ई100 (लगभग पूरी तरह एथनॉल वाला ईंधन), बी100 बायोडीजल और हाइड्रोजन-सीएनजी जैसे ईंधनों के उपयोग को अनुमति देने का प्रावधान किया गया है। भारत पहले ही पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल के मिश्रण (ई20) का लक्ष्य हासिल कर चुका है। इसे गन्ना, मक्का या चावल जैसे जैविक स्रोतों से तैयार किया जाता है। इससे आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने और कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलती है। मंत्रालय की तरफ से 27 अप्रैल को जारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के मुताबिक, इन प्रस्तावों पर 30 दिनों तक सार्वजनिक परामर्श किया जाएगा, जिसमें हितधारक अपनी आपत्तियां और सुझाव दे सकेंगे। प्रस्तावित संशोधनों में हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए वजन सीमा 3,000 किलोग्राम से बढ़ाकर 3,500 किलोग्राम करने का प्रावधान भी किया गया है। इससे वैश्विक मानकों के अनुरूप अधिक वैन, पिकअप और छोटे ट्रक एकसमान उत्सर्जन परीक्षण के दायरे में आ जाएंगे। संशोधन के तहत ई20, ई85, ई100 और बी100 जैसे उच्च जैव-ईंधन मिश्रणों को औपचारिक मान्यता दी गई है। अब तक नियम मुख्य रूप से ई10 और ई20 तक ही सीमित थे। अधिसूचना में वाहन ईंधन की परिभाषाओं और मानकों को भी अद्यतन किया गया है, जिसमें 'हाइड्रोजन प्लस सीएन' को 'हाइड्रोजन प्लस सीएनजी' से बदलना और उत्सर्जन तीव्रता के माप को 'मिलीग्राम/किलोवाटघंटा' के रूप में दुरूस्त करना शामिल है।

# वाहन, दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 609 अंक उछला



**मुंबई:** एशियाई बाजारों में मजबूती और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, वाहन एवं दूरसंचार शेयरों में लिवाली के बीच बुधवार को घरेलू बाजार चढ़कर बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी में 182 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 609.45 अंक यानी 0.79 प्रतिशत उछलकर 77,496.36 अंक अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,095.6 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 181.95 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर 24,177.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी लिमिटेड, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट देखी गई। प्रमुख वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी का शेयर सकारात्मक नतीजों के बाद 2.82 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 14,679.5 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज किया है। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, बेहतर तिमाही नतीजों और घरेलू मांग की मजबूती ने घरेलू बाजार को भू-राजनीतिक तनाव से ध्यान हटाकर समर्थन देने का काम किया। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.75 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.49 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार सूचकांकों में दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) खंड में सर्वाधिक 1.57 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रियल्टी खंड में 1.42 प्रतिशत, दूरसंचार खंड में 1.28 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.14 प्रतिशत की बढ़त रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार में तेजी के पीछे तिमाही नतीजों से जुड़ी उम्मीद और चुनिंदा प्रमुख कंपनियों में खरीदारी प्रमुख कारण रहे। हालांकि कच्चे तेल के दाम 110 डॉलर प्रति बैरल के पार चले जाने से तेजी पर लगाम रही। वैश्विक स्तर पर ब्रेंट क्रूड 2.85 प्रतिशत बढ़कर 114.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कमजोर वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल के ऊंचे दाम के बावजूद निवेशकों ने गिरावट का फायदा उठाकर खरीदारी की। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का सूचकांक कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि जापान के बाजार अवकाश के कारण बंद रहे।

# निर्यात में अप्रैल में अब तक मजबूत वृद्धि: गोयल



**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद अप्रैल के पहले तीन हफ्तों में देश के निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। गोयल ने यह भी कहा कि भारत द्वारा किए गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) घरेलू उद्योग को बड़ा प्रोत्साहन देंगे। गोयल ने संवाददाताओं से कहा, इस साल अप्रैल के पहले तीन हफ्तों में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में निर्यात में वृद्धि हुई है। पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति के बावजूद घरेलू निर्यातकों में काफी उत्साह है। पश्चिम एशिया को निर्यात के बारे में उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य चुनौती बना हुआ है, इसलिए माल भेजने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग किया जा रहा है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, करीब एक सप्ताह पहले हमारी बहुत अच्छी चर्चा हुई थी। हमारा प्रतिनिधिमंडल लौट आया है और बातचीत जारी है। उन्होंने बताया कि सरकार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ), ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस और ओमान के साथ व्यापार समझौते अंतिम रूप दे चुकी है। गोयल ने कहा, करीब 12 अन्य समझौते भी प्रक्रिया में हैं। भारत इजराइल, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) और कनाडा के साथ भी व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) पर मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में यह लगभग 87-90 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।



## बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में नहीं खेलकर बड़ी गलती की, भारत के साथ सीरीज से रिश्ते सुधरेंगे: शाकिब



**मुंबई:** पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने इस साल की शुरुआत में भारत में हुए टी20 विश्व कप से बांग्लादेश के बाहर रहने को एक 'बड़ी गलती' करार किया और उम्मीद जताई है कि अगर दोनों टीम कुछ श्रृंखला खेलती हैं तो उनके बीच क्रिकेट के रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। बांग्लादेश ने अपने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से बाहर किए जाने के बाद टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा नहीं किया था जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका ने मिलकर की थी। जिसके बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया गया। शाकिब ने ईयूटी20 बेल्जियम की जर्सी लांच के मौके पर बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक बड़ा नुकसान था।' उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश क्रिकेट के लिहाज से यह एक बहुत बड़ी चूक थी क्योंकि एक देश के तौर पर हमें अपने खिलाड़ियों को विश्व कप में खेलते हुए और उन मैचों में हिस्सा लेते हुए देखना बहुत पसंद है।' उन्होंने कहा, 'हमारा देश क्रिकेट को पसंद करता है। बांग्लादेश जैसे देश का विश्व कप में हिस्सा नहीं लेना एक बहुत बड़ी चूक थी। सरकार की तरफ से यह एक बड़ी गलती थी कि उन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया।' इस बड़े टूर्नामेंट के लिए भारत का दौरा नहीं करने के बांग्लादेश के फैसले का दोनों पड़ोसी देशों के आपसी रिश्तों पर लंबे समय तक असर पड़ सकता है लेकिन शाकिब ने उम्मीद जताई कि एक या दो सीरीज खेलने से 'दोनों देशों के बीच की कड़वाहट दूर हो सकती है'। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हालात बेहतर होंगे।'

# आयुष और प्रणय जीते, लेकिन भारत थॉमस कप फाइनल में चीन 2-3 से हारा

**होर्सेंस (डेनमार्क):** आयुष शेट्टी और एच.एस. प्रणय की शानदार जीत के बावजूद भारत को थॉमस कप फाइनल के ग्रुप ए के अंतिम मुकाबले में चीन के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि भारत पहले ही क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर चुका था, लेकिन इस हार के कारण टीम अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही। अब भारत का सामना क्वार्टरफाइनल में 2014 की चैंपियन जापान से होने की संभावना है।मुकाबले की शुरुआत भारत के लिए निराशाजनक रही। पहले एकल मैच में लक्ष्य सेन को विश्व नंबर सात ली शि फेंग के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 19-21, 21-8, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने दूसरे गेम में शानदार वापसी की, लेकिन निर्णायक गेम में चीनी खिलाड़ी ने बेहतर नियंत्रण बनाए रखा।इसके बाद पुरुष युगल में




सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी से भारत को बराबरी की उम्मीद थी, लेकिन वे बेहद रोमांचक मुकाबले में लियांग वेई केंग और वांग चांग से 13-21, 21-13, 24-26 से हार गए। भारतीय जोड़ी ने पांच मैच प्वाइंट बचाकर शानदार जज्बा दिखाया, लेकिन अंत में जीत नहीं मिल सकी।2-0 से पिछड़ने के बाद भारत पर दबाव बढ़ गया था, लेकिन युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाया। उन्होंने एक गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए वेंग होंग यांग को 17-21, 21-13, 21-15 से हराकर भारत को मुकाबले में बनाए रखा। आयुष ने निर्णायक गेम में आक्रामक खेल दिखाया और बेहतरीन स्मैश व कोर्ट कवरेज से जीत दर्ज की।हालांकि दूसरे युगल मैच में हरिहरन अमसकारुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ही जी टिंग और रेन जियांग यू से 17-21, 13-21 से हार गई, जिससे चीन ने 3-1 की अजेय बढ़त बना ली और मुकाबला अपने नाम कर लिया।इसके बाद अंतिम एकल मुकाबले में एच.एस. प्रणय ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए लू गुआंग जू को 20-22, 21-19, 21-11 से हराया। प्रणय पहला गेम गंवाने के बाद भी विचलित नहीं हुए और अगले दो गेम में शानदार नियंत्रण दिखाते हुए भारत के लिए दूसरा अंक हासिल किया।भारत हार जरूर गया, लेकिन आयुष और प्रणय की वापसी भरी जीत ने टीम का मनोबल बढ़ाया। अब सबकी नजरें क्वार्टरफाइनल मुकाबले पर रहेंगी, जहां भारत जापान जैसी मजबूत टीम से भिड़ सकता है।

## ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने पर रियान पराग विवादों से घिरे



**नयी दिल्ली:** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में 'वेपिंग' (ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना) करते हुए टीवी कैमरों में कैद होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। भारत सरकार ने 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें इसका उत्पादन, बिक्री और वितरण शामिल था। इस संबंध में कानून के अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को एक साल तक की कैद हो सकती है या/और उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया सकता है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करते हुए देखे गए। कैमरे में कैद हुई इस घटना पर सोशल मीडिया पर तुरंत ही प्रतिक्रिया होने लगी। पराग ने अपनी टीम की जीत में 16 गेंदों में 29 रन बनाए थे। इस प्रतियोगिता के संचालन से जुड़े आईपीएल और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों ने इसे सोशल मीडिया और टीवी कैमरों की निगरानी के युग में बेहद लापरवाही वाला कृत्य करार दिया। आईपीएल के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया, 'कई खिलाड़ी ई-सिगरेट का सेवन करते हैं, लेकिन वे ड्रेसिंग रूम में ऐसा नहीं करते। इतने सारे कैमरों के बीच ऐसा करना बेहद जोखिम और लापरवाही भरा है। पराग को खुलेआम ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने के बाद बीसीसीआई को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।'

# दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार का निधन

**नयी दिल्ली:** अपने जमाने के दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार का उनके गृह नगर लखनऊ में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। इंडियन ओपन 2002 के विजेता और चार बार के 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' चैंपियन विजय भारतीय पेशेवर गोल्फ के सबसे सफल और सम्मानित खिलाड़ियों में से एक थे। विजय ने 1988 में पेशेवर गोल्फर के रूप में करियर शुरू किया। उन्होंने एक दशक से भी अधिक समय तक भारतीय घरेलू गोल्फ पर अपना दबदबा बनाए रखा और इस दौरान कई खिताब जीते। इंडियन ओपन 2002 में उनकी जीत विशेष रूप से उल्लेखनीय



है। वह इंडियन ओपन जीतने वाले नौ भारतीय गोल्फरों में से एक हैं। विजय ने 1999 में स्कॉटलैंड के सेंट एंड्रयूज में अल्फ्रेड डनहिल कप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। 'डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष कपिल देव ने विजय कुमार के निधन को भारतीय गोल्फ के लिए बड़ी क्षति बताया।

### आरसीबी के सामने गुजरात की कड़ी चुनौती

**अहमदाबाद:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। शानदार फॉर्म में चल रही आरसीबी इस समय आठ मैचों में छह जीत के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि गुजरात टाइटंस चार जीत और चार हार के साथ तालिका में ऊपर चढ़ने की कोशिश में जुटी है।आरसीबी की सफलता में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और जोश हेज़लवुड की अहम भूमिका रही है। दोनों ने नई गेंद से लगातार विकेट चटकाए हैं। वहीं स्पिनर क्रुणाल पंड्या ने बीच के ओवरों में टीम को मजबूती दी है। बल्लेबाजी में विराट कोहली और कप्तान रजत पाटीदार टीम के मुख्य आधार हैं।

# हेड और क्लासेन के अर्धशतक, सनराजर्स ने मुंबई को हराकर जीत का 'पंजा' लगाया

मुंबई : ट्रेविस हेड और हेनरिक क्लासेन के विस्फोटक अर्धशतकों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को मुंबई इंडियन्स को छह विकेट से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ हैदराबाद नौ मैचों में 12 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया, जबकि मुंबई आठ मैचों में चार अंक के साथ नौवें स्थान पर है।मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रेयान रिकेल्टन की शानदार शतकीय पारी के दम पर पांच विकेट पर 243 रन बनाए। रिकेल्टन ने 55 गेंदों में 123 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें 10 चौके और आठ छक्के शामिल रहे। विल जैक्स ने 46 और कप्तान हार्दिक पंड्या ने 31 रन का योगदान दिया।244 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने आक्रामक शुरुआत की। ट्रेविस हेड ने सिर्फ 30 गेंदों में 76 रन ठोक दिए, जिसमें आठ छक्के और चार चौके शामिल रहे। उन्होंने अभिषेक शर्मा (45) के साथ पहले विकेट के लिए 129 रन जोड़े।मध्यक्रम में हेनरिक क्लासेन ने मोर्चा संभाला और 30 गेंदों में नाबाद 65 रन बनाए। उन्होंने



नितीश कुमार रेड्डी (21) के साथ अहम साझेदारी निभाई। अंत में सलील अरोड़ा ने 10 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाकर मैच खत्म किया।सनराइजर्स ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 249 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मुंबई के गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई और जसप्रीत बुमराह भी महंगे साबित हुए। मुंबई की यह सीजन की चौथी हार रही।

## कोठारी ने आडवाणी को हराकर विश्व बिलियर्ड्स खिताब बरकरार रखा

**कारलो (आयरलैंड):** भारत के सौरव कोठारी ने यहां एकतरफा फाइनल में हमवतन पंकज आडवाणी को हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। कोलकाता के खिलाड़ी ने तीन घंटे तक चले फाइनल में 19 बार के चैंपियन आडवाणी को 1133-477 से हराया। कोठारी ने लगातार अच्छे ब्रेक बनाए। उन्होंने 485, 121, 90, 241 और 155 के ब्रेक बनाकर अपनी जीत सुनिश्चित की। कोठारी ने फाइनल के बाद अपनी जीत को अपने पिताजी मनोज कोठारी को समर्पित किया जिनका इस साल के शुरू में निधन हो गया था। उन्होंने कहा, 'मैं अपने पिताजी के लिए इस




प्रतियोगिता को दोबारा जीतना चाहता था। यह जीत मैं अपने पिताजी को समर्पित करता हूं।' कोठारी ने कहा, 'विश्व खिताब जीतना वाकई अविश्वसनीय लगता है और उसका बचाव करना तो और भी खास है।' आडवाणी ने शुरू में 141 का ब्रेक बनाया लेकिन कोठारी ने 485 के साथ उसका करारा जवाब दिया।

वर्ष 11, पूर्णांक 3578 अंक 042 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in